सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय महिला आयोग

वार्षिक रिपोर्ट

2022-2023

वार्षिक रिपोर्ट
2022-2023

राष्ट्रीय महिला आयोग
प्लॉट नंबर 21, जसोला इंस्टीट्यूशनल एरिया,
नई दिल्ली-110025
http://www.ncw.nic.in

अनुक्रमणिका

अध्याय	विवरण	पृष्ठ
	प्राक्कथन	v-vi
अध्याय -1	पृष्ठभूमि	1-4
अध्याय -2	शिकायत एवं जाँच प्रकोष्ठ	5-8
अध्याय -3	अनिवासी भारतीय विवाह से संबंधित समस्याएँ	9-10
अध्याय -4	घटनाओं/मामलों का स्वत: संज्ञान	11-15
अध्याय -5	24X7 हेल्पलाइन	16-17
अध्याय -6	नीति, निगरानी और अनुसंधान प्रकोष्ठ	18-37
अध्याय -7	पूर्वोत्तर क्षेत्र में पहल	38-42
अध्याय -8	महिला कल्याण एवं क्षमता निर्माण प्रकोष्ठ	43-49
अध्याय -9	नई पहल प्रकोष्ठ	50-53
अध्याय -10	जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख प्रकोष्ठ	54-59
अध्याय -11	मानव-तस्करी निवारण प्रकोष्ठ	60-62
अध्याय -12	महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ	63-66
अध्याय -13	जेलों, हिरासत गृहों और मनोरोग संस्थाएं तथा आश्रय गृह	67-71
अध्याय -14	विधि समीक्षा और कानूनी जागरूकता	72-75
अध्याय -15	सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग	76-77
अध्याय -16	मीडिया एवं जनता तक पहुँच (आउटरीच) - संबंधित कार्यक्रम	78-79
अध्याय -17	यौन उत्पीड़न की शिकायतों से निपटने के लिए तंत्र	80
अध्याय -18	सूचना का अधिकार	81-82
अध्याय -19	सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रगामी प्रयोग	83-84
अध्याय -20	वार्षिक लेखा 2022-23	87-129
अध्याय -21	लेखारीक्षा रिपोर्ट	131-135
	अनुलग्नक	
अनुलग्नक -I	आयोग की संरचना	136
अनुलग्नक -II	आयोग का संगठनात्मक चार्ट	137
अनुलग्नक -III	2022-23 के दौरान आयोग द्वारा विचारित प्रमुख निर्णय/ मामले	138-139
अनुलग्नक -IV	2022-23 के दौरान वित्त पोषित सेमिनार	140-141
अनुलग्नक -V	2022-23 के दौरान आयोग की ओर से वित्तीय सहायता प्राप्त शोध अध्ययन	142-143
अनुलग्नक -VI	2022-23 के दौरान वित्त पोषित विशेष शोध अध्ययन	144
	संग्रहित फोटो	145-161

Rekha Sharma
Chairperson
Tel. : 011-26944808
Fax :011-26944771

भारत सरकार
राष्ट्रीय महिला आयोग
प्लाट नं. 21, जसोला इंस्टीट्यूशनल एरिया
एफ.सी.-33, नई दिल्ली-110 025

Government of India
National Commission for Women
Plot No. 21, Fc-33, Jasola
Institutional Area, New Delhi-110 025
Website : www.ncw.nic.in
E-mail : chairperson-ncw@nic.in
sharma.rekha@gov.in

प्राक्कथन

वर्ष 2022-23 के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है, जो दर्शाती है कि आयोग, अपने विभिन्न प्रयासों द्वारा देश में महिलाओं के अधिकारों को सशक्त बनाने और उनकी रक्षा करने की दिशा में काम कर रहा है और केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों, राज्य महिला आयोगों और पुलिस अधिकारियों आदि के साथ मिलकर महिला सुरक्षा, लैंगिक समानता और जीवन के सभी क्षेत्रों में महिला नेतृत्व में विकास सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

आयोग महिलाओं से संबंधित कानूनों में संशोधन का सुझाव देकर, महिलाओं के प्रति होने वाले अत्याचारों की घटनाओं का स्वत: संज्ञान लेकर, महिलाओं के प्रति भेदभाव और अत्याचारों से उत्पन्न होने वाली विशिष्ट समस्याओं या स्थितियों की जांच के लिए पूछताछ और क्षेत्रीय दौरे तथा महिलाओं के ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि के लिए कई क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करता है।

वर्ष 2022-23 के दौरान, आयोग ने कानून की समीक्षा की, मानव तस्करी निवारण प्रकोष्ठ की शुरुआत की, आपदाग्रस्त महिलाओं की सहायता के लिए 24 घंटे हेल्पलाइन नंबर चालू रखा और विभिन्न हितधारकों के साथ विभिन्न सेमिनार और सम्मेलन आयोजित किए।

महिलाओं से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए संबंधित राज्यों और प्राधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से कार्रवाई की जाती है। विदेश मंत्रालय, विदेशों में भारतीय मिशन, राज्य पुलिस एजेंसियों आदि के सहयोग से, आयोग अनिवासी भारतीय विवाह से जुड़े महिलाओं के मुद्दों का समाधान करने में भी सहायता कर रहा है।

ग्राम पंचायतों से लेकर महिला सांसदों और राष्ट्रीय/राज्यीय राजनीतिक दलों के कार्यकारी सदस्यों सहित राजनीतिक कार्यकर्ताओं तक सभी स्तरों पर महिला राजनीतिक नेताओं के नेतृत्व कौशल को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग एक अखिल भारतीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम **"शी इज़ ए चेंजमेकर"** आयोजित कर रहा है।

आयोग ने महिलाओं को स्वतंत्र और रोजगार के लिए तैयार करने के प्रयास में महिला स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को श्रम बाजार के लिए तैयार करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी क्षमता निर्माण और व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम शुरू किया है, साथ ही ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान करने के प्रयास में डेयरी फार्मिंग और संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं को कुशल बनाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल की है।

आयोग ने किसी को भी पीछे न छोड़ने के इरादे के साथ, "यौनकर्मियों के लिए सम्मान के साथ जीने के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ" विषय पर परामर्श का आयोजन किया और भारत में ट्रांस-महिला समुदाय के व्यक्तियों के साथ जुड़े कलंक को जन्म देने वाली गलत धारणाओं के समाधान एवं समाज में उनकी स्वीकार्यता और भागीदारी के संबंध में बातचीत शुरू करते हुए आधे दिन के परामर्श का भी आयोजन किया।

राष्ट्रीय कानूनी सेवाओं (National Legal Services) के सहयोग से जमीनी स्तर पर महिलाओं के लिए एक 'अखिल भारतीय कानूनी जागरूकता कार्यक्रम' शुरू किया गया, जिसमें तालुका स्तर पर महिलाओं के लिए बुनियादी कानूनी अधिकारों और महिलाओं से संबंधित विभिन्न कानूनों के तहत प्रदान किए गए उपायों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किए गए ताकि उन्हें वास्तविक जीवन स्थितियों में चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जा सके।

राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा राज्य महिला आयोगों के साथ परस्पर-संवादी (इंटरैक्टिव) बैठकें आयोजित की जाती हैं, जिससे राज्य महिला आयोगों के साथ उनकी नेटवर्किंग-प्रक्रिया मजबूत होती है और एक-दूसरे के अनुभवों से लाभ मिलता है और देश भर में महिलाओं की बेहतरी के लिए एक एकजुट इकाई के रूप में मिलकर काम किया जाता है। वित्तीय वर्ष के दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग ने राज्य महिला आयोगों के साथ 04 परस्पर-संवादी (इंटरैक्टिव) बैठकें आयोजित की हैं।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने अपने 31 वें स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जिसका उद्देश्य **"सशक्त नारी, सशक्त भारत"** के नाम से उन सभी महिलाओं की कहानियों को याद करना था जिन्होंने अपने उत्कृष्ट कार्यों से विभिन्न क्षेत्रों में अभिन्न छाप छोड़ी है। भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू इस अवसर पर उपस्थित थीं। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी ने आयोग की जर्नी बुक **"सशक्त नारी, सशक्त भारत"** का विमोचन किया और पहली प्रति माननीय राष्ट्रपति को भेंट की।

आयोग ने महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु अथक प्रयास किए हैं। हमारा दृढ़ निश्चय है कि समाज के रूप में अपना दायित्व समझते हुए महिलाओं को समकक्ष लाने का प्रयास हम तब तक जारी रखेंगे जब तक सभी महिलाओं को स्वतंत्र एवं समान जीवन की सुविधा नहीं मिल जाती। मुझे पूर्ण विश्वास है कि राष्ट्रीय महिला आयोग इस दिशा में निरन्तर अग्रसर रहेगा।

(रेखा शर्मा)

अध्याय -1

परिचय

1.1 भारत का संविधान देश के सभी नागरिकों को इतना सशक्त बनाना चाहता है कि उन्हें अपनी क्षमता का ज्ञान हो। यह लैंगिक एवं अन्य मतभेदों के बावजूद समानता और समान अवसर की गारंटी देकर प्रत्येक नागरिक के लिए अनुकूल सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक माहौल बनाने का लक्ष्य रखता है।

1.2 राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के अनुसरण में, राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन 31जनवरी,1992 को महिलाओं के अधिकारों और हितों को सुरक्षित रखने और उनमें अपेक्षित सुधार लाने के लिए एक सांविधिक निकाय के रूप में किया गया था। आयोग को अधिदेश है कि संविधान और अन्य कानूनों के तहत महिलाओं को प्रदान किए गए कानूनी सुरक्षा उपायों की जाँच और परीक्षण करे एवं उनके प्रभावी कार्यान्वयन हेतु उपायों की सिफारिश सरकार से करे।

1.3 आयोग को महिलाओं को प्रभावित करने वाले कानूनों के वर्तमान प्रावधानों की समीक्षा करने और उनमें किसी भी प्रकार के अंतराल, अपर्याप्तता या कमियों को पूरा करने के लिए संशोधनों की सिफारिश करने, महिलाओं की शिकायतों पर गौर कर उनके लिए बनाए गए अधिकारों की अवहेलना आदि से संबंधित मामलों पर स्वत: संज्ञान लेने और मुद्दों के अनुरूप उचित अधिकारियों के साथ संपर्क कर उनका समाधान करने, महिलाओं के सामयिक/प्रासंगिक मुद्दों पर शोध अध्ययन, पुलिस अधिकारियों के लिए लिंग संवेदीकरण, महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए बन रही योजनाओं की प्रक्रिया में सहभागिता और परामर्श, महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक प्रगति का मूल्यांकन, जेल, रिमांड होम आदि जहां महिलाओं को रखा जाता का निरीक्षण एवं आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्रवाई आदि जैसे कार्यो का अधिदेश प्राप्त है। इस प्रकार, आयोग को महिलाओं की परेशानियों को दूर करने और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए गतिविधियों, कानूनों, नीतियों और कार्यक्रमों को डिजाइन करने, लागू करने और निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

1.4 किसी देश के विकास के लिए आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं और पुरुषों की समान भागीदारीआवश्यक है। राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 10 में आयोग के कार्यों को निम्नानुसार सूचीबद्ध किया गया है:

i. महिलाओं के लिए तैयार किए गए संवैधानिक और कानूनी सुरक्षा उपायों से संबंधित सभी मामलों का अध्ययन और निगरानी;

ii. मौजूदा विधानों की समीक्षा करना और जहां कहीं आवश्यक हो, संशोधन का सुझाव देना;

iii. असहाय महिलाओं के अधिकारों की अवहेलना के मामलों में उन्हें कानूनी सहायता देने या अन्य किसी प्रकार से सहायता देने के लिए उन मामलों का स्वत: संज्ञान लेना;

iv. महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए सभी कानूनों के उचित कार्यान्वयन की निगरानी करना ताकि वे जीवन के सभी क्षेत्रों में समानता प्राप्त कर सकें और राष्ट्र के विकास में समान भागीदारी कर सकें; तथा

v. महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक विकास की योजना प्रक्रिया में प्रचार और शैक्षिक अनुसंधान को बढ़ावा देना और उसमें भाग लेना और सलाह देना।

1.5 आयोग में एक अध्यक्ष, पांच सदस्यों और एक सदस्य सचिव का समावेश किया गया है। आयोग की संरचना **अनुलग्नक-I** में दी गई है। आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का अधिकतम कार्यकाल तीन वर्ष है। आयोग के कार्यों में हाथ बँटाने का कार्य सचिवालय द्वारा किया जाता है, साथ ही आयोग को उसके दैनिक कार्यों के निर्वहन में सहायता प्रदान करने के लिए आयोग में समन्वयन, सूचना का अधिकार(RTI), सूचना प्रौद्योगिकी (IT), राजभाषा, जनसंपर्क आदि प्रशासनिक मामलों से संबंधित दिन-प्रतिदिन के कार्यों के निर्वहन में सहायता प्रदान करने का कार्य अनुभागों/इकाईयों द्वारा किया जाता है । महिलाओं से जुड़े मामलों को समझने और सुलझाने के लिए आयोग में निम्नलिखित प्रकोष्ठों की स्थापना की गई हैं:-

i. शिकायत एवं जाँच प्रकोष्ठ

ii. अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ

iii. नीति, निगरानी और अनुसंधान प्रकोष्ठ

iv. क्षमता निर्माण प्रकोष्ठ

v. महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ

vi. स्वत: संज्ञान प्रकोष्ठ

vii. पूर्वोत्तर प्रकोष्ठ

viii. मनोरोग गृह/संरक्षण सुधार गृह प्रकोष्ठ

ix. विधिक प्रकोष्ठ

x. सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ

xi. 24x7 हेल्पलाइन प्रकोष्ठ

xii. नई पहल प्रकोष्ठ

xiii. जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख प्रकोष्ठ

xiv. राजभाषा प्रकोष्ठ

xv. मानव तस्करी निवारण प्रकोष्ठ

1.6 वर्तमान में, प्रकोष्ठों में अधिकांश विशेषज्ञ कर्मियों की नियुक्ति संविदात्मक और बाहरी माध्यम (आउटसोर्स आधार पर) से की गई है, इनमें से कुछ अधिकारी प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त किए गये हैं। आयोग का संगठनात्मक चार्ट **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

1.7 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आयोग ने कई मामलों पर विचार किया। आयोग द्वारा की गई बैठकों और लिए गए प्रमुख निर्णयों का विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

1.8. राष्ट्रीय महिला आयोग ने 31 जनवरी, 2023 को अपने 31वें स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जिसका उद्देश्य **"सशक्त नारी, सशक्त भारत"** के नाम से उन सभी महिलाओं की कहानियों को याद करना था जिन्होंने अपने पसंदीदा क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों से अमिट छाप छोड़ी है। भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई, जिसमें माननीय केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी ने आयोग की जर्नी बुक "सशक्त नारी, सशक्त भारत" का विमोचन किया और पहली प्रति माननीय राष्ट्रपति को भेंट की।

1.9 राजनीतिक-महिलाओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम - "शी इज़ ए चेंजमेकर": अधिदेश के अनुसार, राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिला राजनीतिक नेताओं की क्षमताओं और कौशल के विकास में मदद करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया ताकि वे जमीनी स्तर पर प्रभावी परिवर्तन निर्माताओं के रूप में उभर पाएँ। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 57 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा 1835 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया।

1.10 **राज्य महिला आयोगों के साथ गतिविधियाँ:** राष्ट्रीय महिला आयोग ने वर्ष 2022-23 के दौरान राज्य महिला आयोगों के साथ चार परस्पर-संवादी (इंटरैक्टिव) बैठकें आयोजित की।

1.11 **"मानव तस्करी निवारण जागरूकता" पर सेमिनार:** मानव तस्करी के मामलों को सुलझाने में प्रभावशीलता के साथ-साथ देश भर में मानव तस्करी निवारण इकाईयों में क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण की सुविधा के लिए, राज्यों एवं केन्द्र की कानून प्रवर्तन मशीनरी को और मजबूत और संवेदनशील बनाने के लिए आयोग ने 2 अप्रैल 2022 को मानव तस्करी निवारण प्रकोष्ठ की स्थापना की।

1.12 **कानून की समीक्षा हेतु परामर्श:** राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिलाओं से संबंधित कानूनी और संवैधानिक सुरक्षा की समीक्षा करने के लिए धारा 10 (1) (डी) के तहत अधिदेश के अनुसरण में, मातृत्व लाभ अधिनियम 1861 और 2017 संशोधन वर्ष के दौरान "घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005", "पारिवारिक न्यायालय अधिनियम, 1984", "मुस्लिम महिलाओं के अधिकार - मुस्लिम पर्सनल लॉ" पर कानूनी समीक्षा हेतु परामर्श आयोजित किया। इन परामर्शों के माध्यम से, आयोग ने संशोधनों के लिए विशिष्ट सिफारिशें तैयार करने और कानून की पहुंच बढ़ाने के लिए इन अधिनियमों पर फिर से विचार करने के लिए देश भर से हितधारकों के विचार, सुझाव और राय लेने का प्रयास किया।

1.13 **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता और हिंसा और महिलाओं के खिलाफ दुर्व्यवहार के मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रॉयल एनफील्ड (आयशर मोटर्स लिमिटेड) के सहयोग से एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस पहल के तहत, दिल्ली, चंडीगढ़, पुणे और बैंगलोर के चयनित स्थानों में महिला सुरक्षा जागरूकता यात्रा निकाली गई।

1.14 राष्ट्रीय महिला आयोग ने पंजाब विश्वविद्यालय के सहयोग से **"अनिवासी भारतीय विवाह- क्या करें और क्या न करें**-आगे बढ़ने का रास्ता" पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। अनिवासी भारतीय वैवाहिक मुद्दों पर पंजाब के 14 जिलों में जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

1.15 **घटनाओं/मामलों का स्वत: संज्ञान:** वर्ष 2022-23 के दौरान, राष्ट्रीय महिला आयोग ने मीडिया रिपोर्टों, महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए बने महिलाओं के अधिकारों के उल्लंघन और अधिनियमित कानूनों के गैर-क्रियान्वयन से संबंधित शिकायतों के आधार पर 317 मामलों का स्वत: संज्ञान लिया। 16 मामलों में आयोग ने जाँच समिति/तथ्यान्वेषी दल का गठन किया।

1.16 **स्वच्छता अभियान 2.0:** सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप आयोग में स्वच्छता अभियान 2.0 चलाया गया। कार्यालय परिसर और उसके आसपास सफाई अभियान चलाने के अलावा, आयोग द्वारा लगभग 6000 मामलों/ फ़ाइलों की छंटनी की गई।

1.17 **आयोग में राजभाषा-प्रगति:** वर्ष 2022-23 के दौरान, राष्ट्रीय महिला आयोग ने आधिकारिक कामकाज में हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देने और राजभाषा अधिनियम, 1963, राजभाषा नियम, 1976 एवं समय-समय पर राजभाषा विभाग के विभिन्न आदेशों/निर्देशों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए ठोस प्रयास जारी रखे। आयोग ने संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए सक्रिय कदम उठाए और आधिकारिक कामकाज में हिंदी के उपयोग को बढ़ाया।

1.18. कुल मिलाकर, अपने अधिदेश को आगे बढ़ाने के लिए वर्ष 2022-2023 के दौरान आयोग द्वारा कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

*****

अध्याय -2

शिकायत एवं जाँच प्रकोष्ठ

2.1 रा.म.आ के महत्वपूर्ण अधिदेशों में सबसे महत्वपूर्ण है महिलाओं की परेशानियों और शिकायतों का समाधान। इस दृष्टि से आयोग ने प्राप्त शिकायतों के निपटान के लिए पिछले कुछ वर्षों में मजबूत प्रणाली विकसित की है।

2.2 आयोग ने अपने अधिदेश को ध्यान में रखते हुए, समय-समय पर महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए काम किया है। वर्ष 2022-2023 के दौरान आयोग ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी में बढ़ोत्तरी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ जारी रखीं। आयोग के अध्यक्ष, सदस्यों और अधिकारियों ने राज्य महिला आयोगों और शैक्षणिक संस्थानों आदि के सहयोग से आयोग द्वारा आयोजित बैठकों/संगोष्ठियों/ कार्यशालाओं/जन सुनवाई और अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया। आयोग द्वारा महिलाओं पर हुए कथित अत्याचारों के विभिन्न मामलों की जाँच की गई है और कई मामलों में प्रभावित महिलाओं को तत्काल राहत प्रदान की गई है। महिलाओं को अधिकारों से वंचित किए जाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए अधिनियमित कानूनों को लागू न करने से संबंधित कष्टों और शिकायतों का निवारण आयोग द्वारा की जाने वाली महत्वपूर्ण गतिविधियों में से एक है। शिकायतें लिखित रूप में या ऑनलाइन मोड www.ncw.nic.in के माध्यम से प्राप्त होती हैं। शिकायतों पर कार्रवाई/ कानूनी प्रक्रिया के समय आयोग राज्य पुलिस प्राधिकरणों, राज्य महिला आयोगों, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आदि के साथ अपने सहयोग का लाभ उठाता है।

2.3. अधिदेश के अंतर्गत शिकायतों का निवारण

वर्ष 2022-2023 के दौरान आयोग द्वारा दर्ज शिकायतों का प्रकृति-वार और राज्य-वार वितरण निम्नानुसार है:

(i) 2022-2023 के दौरान प्राप्त शिकायतों का प्रकृति-वार विवरण

क्र.सं.	प्रकृति	कुल
1	एसिड हमला	11
2	द्विविवाह / बहुविवाह	215
3	महिलाओं के विरूद्ध साइबर अपराध	840
4	महिलाओं को मातृत्व लाभ देने से इन्कार करना	90
5	दहेज हत्या	347
6	महिलाओं को नि:शुल्क कानूनी सहायता	38
7	लैंगिक भेदभाव, शिक्षा एवं कार्य में समान अधिकार सहित	27
8	विवाहित महिलाओं का उत्पीड़न/दहेज उत्पीड़न	4534
9	महिला का अश्लील रूपण चित्रण	9
10	महिलाओं का शील भंग /छेड़-छाड़ करना	2666
11	महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता	1496
12	घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण	6916
13	बलात्कार/ बलात्कार का प्रयास	1723
14	अपनी पसंद से विवाह का अधिकार/प्रतिष्ठा हेतु अपराध	426
15	गरिमा के साथ जीने का अधिकार	9596
16	लिंग चयनित गर्भपात; मादा भ्रूण हत्या/गर्भवती महिला के गर्भाशय की जाँच	9
17	यौन हमला	174
18	यौन- उत्पीड़न	884
19	कार्यस्थल में महिलाओं का यौन- उत्पीड़न	298
20	पीछा करना/बुरी नजर से देखना	330
21	सती प्रथा, देवदासी प्रथा और विच हंटिग जैसी अपमानजनक परंपरागत प्रथाएं	8
22	महिलाओं की तस्करी/वेश्यावृत्ति	55
23	विवाह-विच्छेद की स्थिति में महिलाओं को संतान- संरक्षण का अधिकार	1
	कुल	30693

(ii) वर्ष 2022-2023 के दौरान प्राप्त शिकायतों का राज्य-वार ब्यौरा

क्रमांक	राज्य	कुल
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	7
2	आंध्र प्रदेश	185

क्रमांक	राज्य	कुल
3	अरुणाचल प्रदेश	4
4	असम	122
5	बिहार	1360
6	चंडीगढ़	61
7	छत्तीसगढ़	168
8	दादर नगर हवेली	5
9	दमन एवं द्वीप	1
10	दिल्ली	2822
11	गोवा	16
12	गुजरात	221
13	हरियाणा	1291
14	हिमाचल प्रदेश	89
15	जम्मू एवं कश्मीर	140
16	झारखंड	369
17	कर्नाटक	524
18	केरल	149
19	मध्य प्रदेश	1162
20	महाराष्ट्र	1336
21	मणिपुर	6
22	मेघालय	3
23	नागालैंड	3
24	ओड़िशा	159
25	पांडिचेरी	16
26	पंजाब	472
27	राजस्थान	1003
28	सिक्किम	4
29	तमिलनाडु	645
30	तेलंगाना	235
31	त्रिपुरा	16
32	उत्तर प्रदेश	17048
33	उत्तराखंड	436
34	पश्चिम बंगाल	615
	कुल	**30693**

(iii) शीर्ष दस श्रेणियाँ जिनके अंतर्गत शिकायतें दर्ज की गई

क्रमांक	प्रकृति	कुल
1	गरिमा के साथ जीने का अधिकार	9596
2	घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण	6916
3	विवाहित महिलाओं का उत्पीड़न/दहेज उत्पीड़न	4534
4	महिलाओं का शील भंग /छेड़-छाड़ करना	2666
5	बलात्कार/ बलात्कार का प्रयास	1723
6	महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता	1496
7	यौन- उत्पीड़न	884
8	महिलाओं के विरूद्ध साइबर अपराध	840
9	अपनी पसंद से विवाह का अधिकार/ प्रतिष्ठा हेतु अपराध	426
10	दहेज हत्या	347

(iv) सबसे अधिक शिकायतों वाले शीर्ष दस राज्य:

क्रमांक	प्रकृति	कुल
1	उत्तर प्रदेश	17048
2	दिल्ली	2822
3	बिहार	1360
4	महाराष्ट्र	1336
5	हरियाणा	1291
6	मध्य प्रदेश	1162
7	राजस्थान	1003
8	तमिलनाडु	645
9	पश्चिम बंगाल	615
10	कर्नाटक	524

2.4 महिला जन-सुनवाई

शिकायतों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए, आयोग ने जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण और राज्य/जिला पुलिस अधिकारियों के सहयोग से एक प्रायोगिक परियोजना "महिला जन-सुनवाई" शुरू की। इस वर्ष के दौरान आयोग ने तिरुवनंतपुरम, लुधियाना और एर्णाकुलम में 03 महिला जन-सुनवाई का आयोजन किया है।

*****

अध्याय -3

अनिवासी भारतीय विवाह से संबंधित समस्याएँ

3.1 अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ को अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) के विवाहों से संबंधित मुद्दों पर देश भर से और विदेश में रहने वालों की ओर से शिकायतें प्राप्त होती हैं, जो मुख्य रूप से घरेलू हिंसा, परित्याग, दहेज की मांग, प्रतिवादी के देश छोड़ने की आशंका, पति और ससुराल वालों द्वारा पासपोर्ट जब्ती, बाल-अभिरक्षा के मुद्दों, विदेश मंत्रालय की योजना के तहत वित्तीय और कानूनी सहायता, रखरखाव, विदेश में दस्तावेजों से जुड़ी सेवा, पति का पता नहीं होना और विदेश में पति के साथ रहने में पत्नी की अक्षमता आदि से संबंधित हैं।

3.2 राष्ट्रीय महिला आयोग, अनिवासी भारतीयों के वैवाहिक मुद्दों का समाधान करने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय जैसे विभिन्न मंत्रालयों के प्रति बड़े पैमाने पर एकीकृत दृष्टिकोण अपनाता है। पीड़ित महिलाओं द्वारा शुरू की गई कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया को विभिन्न हितधारकों के समन्वय से तेज किया जाता है और संबंधित पुलिस विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भारतीय दूतावास और विदेशों में मिशनों, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी (विदेश मंत्रालय) के प्राधिकारियों से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी जाती है। अवधि के दौरान, संबंधित अधिकारियों और अन्य को लगभग 3180 पत्र जारी किए गए हैं।

3.3 शिकायतकर्ताओं/पीड़ितों द्वारा व्यक्तिगत रूप से आयोग से संपर्क करने पर कानूनी प्रोफेशनल्स और परामर्शदाताओं द्वारा मनोवैज्ञानिक-सामाजिक और कानूनी परामर्श भी प्रदान किया जाता है और मामलों से निपटने के दौरान अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ द्वारा किए गए कार्यों से भी अवगत करवाया जाता हैं। अनिवासी प्रकोष्ठ द्वारा दैनिक आधार पर प्राप्त टेलीफोनिक परामर्श के अलावा, लगभग 50 वॉक-इन शिकायतों पर परामर्श दिया गया है।

3.4 संबंधित अधिकारियों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई या पक्षों के बीच सुलह के संबंध में आवश्यक हस्तक्षेप के लिए आयोग के साथ पंजीकृत मामलों में भी सुनवाई की जाती है। इस दौरान करीब 15 मामलों की सुनवाई की गयी।

3.5 आयोग का अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ व्यापक जन जागरूकता पैदा करने और अनिवासी भारतीय विवाहों से संबंधित विभिन्न मुद्दों के कारण प्रभावित भारतीय महिलाओं के लिए उपलब्ध कानूनी उपायों की प्रभावशीलता पर विचार-विमर्श शुरू करने के लिए समय-समय पर कार्यक्रम/सेमिनार और परामर्श/बैठकें भी आयोजित करता है। इस अवधि के दौरान, अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ ने कानून और अधिकार क्षेत्र के संघर्ष के कारण पीड़ित महिलाओं को पर्याप्त राहत पाने में आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए थे-

3.5.1 1 जून, 2022 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में 'अनिवासी भारतीय विवाह में परित्यक्त भारतीय महिलाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय न्याय तक पहुँच - नीति एवं प्रक्रियात्मक अंतराल' पर राष्ट्रीय परामर्श;

3.5.2 अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ ने तमिलनाडु पुलिस – महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध कक्ष के सहयोग से 24 सितम्बर, 2022 को डीजीपी कॉन्फ्रेंस हॉल, चेन्नई में 'अनिवासी भारतीय विवाहों में भारतीय महिलाओं के अधिकारों के लिए संस्थागत प्रतिक्रिया' पर सेमिनार का आयोजन किया।

3.5.3 पंजाब के विभिन्न जिलों में 'एनआरआई विवाह- क्या करें और क्या न करें - आगे बढ़ने का रास्ता' विषय पर 14 जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के सामंजस्य से शुरू की गई।

3.5.4 नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एडवांस्ड लीगल स्टडीज (एनयूएएलएस), कोच्चि, केरल के समन्वय से केरल के विभिन्न जिलों में एनआरआई विवाहों पर 'एनआरआई वैवाहिक मुद्दों में भारतीय महिलाओं के अधिकार' पर 05 जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई गई।

3.5.5 'एनआरआई विवाह - क्या करें और क्या न करें- आगे बढ़ने का रास्ता' पर गुजरात विश्वविद्यालय के समन्वय से गुजरात के विभिन्न जिलों में एनआरआई विवाहों पर 10 जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई गई।

3.6 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ को 538 नई शिकायतें प्राप्त हुई हैं और आयोग ने सभी शिकायतों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस अवधि के दौरान, आयोग बड़ी संख्या में पीड़ित महिलाओं को एनआरआई विवाह से संबंधित मामलों में आयोग से मांगी गई हर संभव राहत प्रदान करने में सफल रहा है।

1 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2023 तक अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ में पंजीकृत शिकायतों का राज्य-वार विवरण निम्न तालिका में दिया गया है।

वित्तीय वर्ष 2022-2023 के दौरान पंजीकृत अनिवासी भारतीय मामले

राज्य	शिकायतों की संख्या	राज्य	शिकायतों की संख्या
आंध्र प्रदेश	23	केरल	16
असम	02	मध्य प्रदेश	14
बिहार	06	महाराष्ट्र	49
चंडीगढ़	06	ओडिशा	02
छत्तीसगढ	01	पांडिचेरी	02
दिल्ली	67	पंजाब	50
गोवा	02	राजस्थान	11
गुजरात	25	तमिलनाडु	39
हरियाणा	22	तेलंगाना	59
हिमाचल प्रदेश	05	उत्तर प्रदेश	70
जम्मू एवं कश्मीर	04	उत्तराखंड	10
झारखंड	08	पश्चिम बंगाल	09
कर्नाटक	36	कुल	538

अध्याय -4

घटनाओं/मामलों का स्वत: संज्ञान

4.1 महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 10(1) और 10(4) के तहत, रा.म,आ मीडिया रिपोर्टों और महिलाओं के अधिकारों के उल्लंघन और अधिनियमित कानूनों के गैर-कार्यान्वयन से संबंधित शिकायतों के आधार पर मामलों का स्वत: संज्ञान लेता है। आमतौर पर इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी जाती है। किसी महिला के विरुद्ध किए गए जघन्य प्रकृति के अपराध के मामलों में, आयोग द्वारा जाँच समितियों/तथ्यान्वेषी दलों का भी गठन किया जाता है, जो आयोग को अपनी सिफारिशें/निष्कर्ष प्रस्तुत करते हैं ताकि अपराध में कथित रूप से शामिल लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके, जिन्हें आगे की उचित कार्रवाई के लिए संबंधित प्राधिकारी को अग्रेषित किया जाता है।

4.2 ऐसे मामलों की संख्या जहां आयोग द्वारा स्वत: संज्ञान लिया गया है, ऐसे मामलों की संख्या जहां कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त हुई है और 2022-23 (अप्रैल, 2022 से मार्च, 2023) के दौरान बंद किए गए मामलों की संख्या नीचे दी गई है:

मामलों की संख्या	मामले जिनमें कार्यवाही रिपोर्ट प्राप्त हुई	बंद हुए मामलों की संख्या (पुराने और नए)	गठित जाँच समिति/तथ्य खोज दल
317	**480**	**99**	**16**

4.3 उन मामलों के संक्षिप्त विवरण, जहाँ रा.म.आ ने 2022-23 के दौरान स्वतः संज्ञान लिया और तथ्यों का पता लगाने के लिए दलों/ समितियों का गठन किया था, उनका सारांश नीचे दिया गया है:--

4.3.1 प्रोफेसर द्वारा पास करने के बदले शारीरिक संबंध की मांग: और छात्र को किया फेल; बिचौलिए ने छात्रा को फंसाया, ऑडियो वायरल: राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 10(1) और धारा 10(4) के तहत प्रदत्त अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजस्थान के कोटा जिले में उक्त मीडिया रिपोर्ट **प्रोफेसर द्वारा पास करने के बदले शारीरिक संबंध की मांग: और छात्र को किया फेल; बिचौलिए ने छात्रा को फंसाया, ऑडियो वायरल:** पर स्वत: संज्ञान लिया जहां राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू) कोटा के एसोसिएट प्रोफेसर पर उनकी छात्रा ने शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया है। बात न मानने पर प्रोफेसर द्वारा छात्रा को फेल कर दिया गया। इसके बावजूद आरोपी बिचौलिए छात्र के जरिए छात्रा पर दबाव बनाता रहा। मामले में एफ.आई.आर. दर्ज कर ली गई है।

आयोग ने कथित घटना की मौके पर जाँच के लिए तीन सदस्यीय तथ्यान्वेषी टीम का गठन किया। इस मामले में पुलिस और विश्वविद्यालय प्रशासन से बातचीत की जा रही है। इस मामले में कार्यवाही रिपोर्ट प्राप्त हुई है और उन्होंने सूचित किया है कि मामले की जाँच की जा रही है। .

4.3.2 **तमिलनाडु आश्रय गृह के मालिक सहित 8 लोग गिरफ्तार, आवासी कैदियों ने की थी बलात्कार, यातना की शिकायत :** राष्ट्रीय महिला आयोग ने मीडिया पोस्ट का स्वतः संज्ञान लिया था, जिसका शीर्षक था **"तमिलनाडु आश्रय गृह के मालिक सहित 8 लोग गिरफ्तार, आवासी कैदियों ने की थी बलात्कार, यातना की शिकायत"** जिसमें यह बताया गया है कि विलुप्पुरम, तमिलनाडु में केदार के पास एक गाँव में स्थित अंबू ज्योति आश्रम के मालिक द्वारा आश्रम की महिला कैदियों का बलात्कार एवं प्रताड़ना की गई थी। रिपोर्टों के अनुसार, मालिक और अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और 142 महिला कैदियों को या तो सरकारी सुविधा या उनके रिश्तेदारों के पास स्थानांतरित कर दिया गया है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की धारा 10 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए मामले में दो सदस्यीय तथ्यान्वेषी टीम का गठन किया गया था। इस मामले पर तमिलनाडु राज्य पुलिस के साथ कार्रवाई की जा रही है।

4.3.3 **राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में ऋण अदायगी के विवादों को निपटाने के लिए स्टाम्प पेपर पर लड़कियों की नीलामी:** राष्ट्रीय महिला आयोग ने अधिनियम 1990 की धारा 10(1) और 10(4) के तहत प्रदत्त अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए **राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में ऋण भुगतान पर विवादों को निपटाने के लिए स्टाम्प पेपर पर लड़कियों की कथित "नीलामी" के संबंध में** मीडिया पोस्ट पर स्वत: संज्ञान लिया था। इसके अलावा, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष, जो पहले से ही सवाई माधोपुर में थीं, को राजस्थान के सवाई माधोपुर में युवा नाबालिग लड़कियों से जबरन वेश्यावृत्ति कराए जाने की जानकारी मिली। इस मामले में दो सदस्यीय तथ्यान्वेषी टीम का गठन किया गया था और राजस्थान पुलिस के साथ इसकी पैरवी की गई थी जिसे अब आयोग द्वारा बंद कर दिया गया है क्योंकि पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई थी।

मामले में प्राप्त कार्यवाही रिपोर्ट के अनुसार चार्जशीट फाइल की गई है और मामले में मुकदमा चल रहा है।

4.3.4 **बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की प्रोफेसर ने लगाया विदेशी छात्र पर यौन उत्पीड़न का आरोप :** राष्ट्रीय महिला आयोग ने मीडिया पोस्ट का स्वत: संज्ञान लिया था, जिसका शीर्षक था **"बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की प्रोफेसर ने लगाया विदेशी छात्र पर यौन उत्पीड़न का आरोप"** इसके बाद, आयोग ने रा.म.आ अधिनियम, 1990 की धारा 10 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मामले के कथित तथ्यों की जाँच के लिए दो सदस्यीय तथ्यान्वेषी टीम का गठन किया। मामला पुलिस के साथ उठाया गया और अदालत में आरोप पत्र दाखिल होने के बाद इसे बंद कर दिया गया। इस मामले में संबंधित पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार यह सूचित किया गया है कि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और मामले में उचित कार्रवाई की गई है, बाद में अदालत में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया है।

4.3.5 **तेलंगाना: सरकारी अस्पताल में 'खराब' ट्यूबेक्टॉमी से 2 की मौत:** राष्ट्रीय महिला आयोग ने रंगा रेड्डी जिले के इब्राहिमपटनम के सिविल अस्पताल में **"तेलंगाना: सरकारी अस्पताल में 'खराब' 'ट्यूबेक्टॉमी से 2 की मौत"** शीर्षक वाली मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया। तेलंगाना ने दिनांक 02.09.2022 की रिपोर्ट दी, जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि सरकार द्वारा प्रायोजित नसबंदी शिविर में ट्यूबेक्टॉमी कराने के कुछ दिनों बाद 22 वर्ष की दो महिलाओं की संदिग्ध सेप्सिस से मृत्यु हो गई।

राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 10(1)(च) के तहत प्रदत्त अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए मामले के तथ्यों की जाँच के लिए दो सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया । इस मामले को तेलंगाना के संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया गया मामले में तेलंगाना पुलिस से एक कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बताया गया कि मामले में भारतीय दंड संहिता, 1860 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी और फोरेंसिक साइंस लैब से चिकित्सा राय अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। मामले की जाँच अभी चल रही है।

4.4 कुछ अन्य मामलों का संक्षिप्त विवरण जिनका आयोग ने स्वत: संज्ञान लिया :

4.4.1 राष्ट्रीय महिला आयोग ने 07.10.2022 को आउटलुक मीडिया में सुश्री साक्षी भट्ट, पत्रकार ने अपना पीड़ादायक अनुभव साझा किया **"गर्भपात: प्रगतिशील निर्णयों के बावजूद, भारत में शारीरिक और मानसिक आघात अभी भी कायम है"** शीर्षक वाली एक मीडिया पोस्ट का संज्ञान लिया। एम्स जैसे प्रतिष्ठित अस्पताल में उसे इसलिए अपमानित किया गया क्योंकि वह अविवाहित थी और गर्भवती थी। मामला एम्स निदेशक के समक्ष उठाया गया।

4.4.2 दिनांक 18.10.2022 को इंडिया टूडे द्वारा रिपोर्ट की गई एक मीडिया पोस्ट राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने आई जिसका शीर्षक है **"गुरुग्राम में इफको चौक के पास सूटकेस में मिला महिला का नग्न शरीर"** जिसमें गुरुग्राम में इफ्को चौक के पास सूटकेस में एक महिला का नग्न शरीर पाया गया था। आयोग ने इस मामले में डीजीपी, हरियाणा से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी थी।

4.4.3 राष्ट्रीय महिला आयोग को डॉ. कुमार विश्वास का एक ट्विटर पोस्ट मिला, जिसमें श्री अनिरुद्धाचार्य महाराज का एक वीडियो था, जिसमें वह महिलाओं के लिए अपमानजनक टिप्पणी कर रहे थे। वीडियो की सामग्री के अनुसार श्री अनिरुद्धाचार्य महाराज अपने खिलाफ किसी भी यौन संबंधी अपराध के लिए महिलाओं को दोषी ठहराकर समाज को गलत संदेश भेज रहे थे। आयोग ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक से मामले की कार्रवाई रिपोर्ट मांगी। मामले में एक कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बताया गया कि जाँच पूरी हो चुकी है और अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया है।

4.4.4 राष्ट्रीय महिला आयोग ने पर्वतजन डिजिटल न्यूज के यूट्यूब से एक वीडियो संलग्न करते हुए एक ईमेल का संज्ञान लिया जिसमें उत्तराखंड की पुलिस द्वारा महिला पर की गयी कथित बर्बरता और शारीरिक हमले का आरोप लगाया गया था। वीडियो में बताया गया कि पीड़ित दिहाड़ी मजदूर है। उस पर रुपये 16 लाख की चोरी का आरोप है। यह मामला दिल्ली पुलिस आयुक्त के समक्ष उठाया गया।

4.4.5 राष्ट्रीय महिला आयोग को दिनांक 09.10.2022 को जयपुर, राजस्थान में **"पायल चोरी करने के लिए 108 वर्षीय राज महिला के पैर काट दिए गए"** शीर्षक वाली एक मीडिया पोस्ट मिली थी, जिसमें जयपुर में एक वृद्ध महिला की पहनी हुई चांदी की पायल चोरी करने के लिए अज्ञात बदमाशों ने कथित तौर पर 108 वर्षीय महिला के पैर काट दिए थे। मामले में राजस्थान के पुलिस महानिदेशक से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई। मामले में कार्यवाही रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बताया गया कि न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है।

4.4.6 राष्ट्रीय महिला आयोग ने मीडिया पोस्ट का स्वत: संज्ञान लिया है, जिसका शीर्षक है **"केरल में मानव बलि का चौंकाने वाला मामला; केरल के तिरुवल्ला में 2 महिलाओं की हत्या"** केरल कौमुदी द्वारा दिनांक 11.10.2022 को रिपोर्ट की गई, जिसमें एर्णाकुलम जिले की दो महिलाओं की तिरुवल्ला में एक पति-पत्नी के लिए बलि दे दी गई, शव कोच्चि से बरामद किया गया। मामले में केरल के पुलिस महानिदेशक से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई थी। मामले में पुलिस मुख्यालय, केरल से की गई कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बताया गया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामला अदालत में विचाराधीन है।

4.4.7 राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिनांक 10.10.2022 को राजस्थान के अजमेर जिले में **"अजमेर में दलित महिला के साथ बलात्कार, आरोपियों में पुजारी: पुलिस"** शीर्षक वाली एक मीडिया पोस्ट का संज्ञान लिया, जिसमें राजस्थान के अजमेर में एक 25 वर्षीय दलित महिला ने आरोप लगाया था। एक पुजारी और उसके परिचित कुछ अन्य लोगों ने उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया और कथित अपराध के वीडियो के साथ उसे ब्लैकमेल भी किया। मामले में राजस्थान के पुलिस महानिदेशक से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई थी।

4.4.8 राष्ट्रीय महिला आयोग को एक मीडिया पोस्ट मिली थी जिसका शीर्षक था **"केरल की एक आदिवासी बस्ती में गर्भवती आदिवासी महिला को कपड़े के 'स्ट्रेचर' पर 3 किलोमीटर तक ले जाया गया,"** जिसमें यह बताया गया था कि प्रसव पीड़ा का सामना कर रही एक आदिवासी महिला को एक कपड़े के स्ट्रेचर पर ले जाना पड़ा, सात लोगों ने खतरनाक इलाके में लगभग 3 किमी तक सफर किया क्योंकि एम्बुलेंस उसके स्थान तक नहीं पहुंच सकी। इस मामले को केरल के मुख्य सचिव के समक्ष उठाया गया। मामले में एक रिपोर्ट प्राप्त हुई थी जिसमें बताया गया था कि आवश्यक कदम उठाए गए हैं और इसलिए आयोग की ओर से मामला बंद कर दिया गया है।

4.4.9 राष्ट्रीय महिला आयोग को दिनांक 09.12.2022 को पश्चिमी दिल्ली में **"पंजाबी बाग में सूटकेस में महिला का शव मिला"** शीर्षक वाली एक मीडिया पोस्ट मिली थी, जिसमें पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग में एक सूटकेस से एक महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया था। इस मामले में पुलिस आयुक्त, नई दिल्ली से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई थी।

4.4.10 राष्ट्रीय महिला आयोग को उत्तर प्रदेश के बरेली में **"एक रात में दो बार सेक्स करने से इनकार करने पर पत्नी की गला घोंटकर हत्या"** शीर्षक वाली एक मीडिया पोस्ट मिली, जिसे टाइम्स ऑफ इंडिया ने 09.12.2022 को रिपोर्ट किया था, जिसमें एक 34 वर्षीय व्यक्ति ने "एक रात में दो बार सेक्स करने" की

मांग ठुकराने पर अपनी 30 वर्षीय पत्नी की हत्या कर दी। मामला उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक के समक्ष उठाया गया।

4.4.11 राष्ट्रीय महिला आयोग ने एक ट्विटर पोस्ट देखी जिसमें हरियाणा के भिवानी जिले में एक व्यक्ति द्वारा एक महिला को बेरहमी से पीटने का वीडियो संलग्न था। आरोप है कि हमला करने वाला शख्स सिरसा घोगड़ा गांव का नवनियुक्त सरपंच है और जिस महिला पर हमला किया गया है उसकी पत्नी है। इसके बाद मामला हरियाणा के पुलिस महानिदेशक के समक्ष उठाया गया।

4.4.12 राष्ट्रीय महिला आयोग को एक मीडिया रिपोर्ट मिली थी, जिसमें इंडियन एक्सप्रेस ने दिनांक 19.12.2022 को रिपोर्ट किया था कि झारखंड के साहिबगंज जिले में **"महिला की हत्या करने, शरीर काटने के आरोप में पति, ससुराल वाले गिरफ्तार"**, जिसमें आदिवासी समुदाय की एक 22 वर्षीय महिला को उसके पति और ससुराल वालों ने मार डाला । झारखंड के पुलिस महानिदेशक से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गयी।

4.4.13 राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिनांक 19.12.2022 को एशियन एज द्वारा रिपोर्ट की गई मीडिया पोस्ट का स्वत: संज्ञान लिया कि मध्य प्रदेश के रतलाम में **"अवैध संबंध के लिए महिला की सार्वजनिक रूप से पिटाई"** इस रिपोर्ट में बताया गया था कि कथित तौर पर दूसरे आदमी के लिए अपने पति को छोड़ने पर एक 30 वर्षीय महिला को रस्सियों से बांध दिया गया, लाठियों से पीटा गया और सार्वजनिक रूप से परेड कराई गई। मामला मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक के समक्ष उठाया गया। मामले में एक विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बताया गया कि जाँच पूरी हो चुकी है और मामले में अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है।

4.4.14 राष्ट्रीय महिला आयोग ने **"गुरुग्राम ऑटो चालक द्वारा 19 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार"** शीर्षक वाली एक मीडिया पोस्ट पर स्वत: संज्ञान लिया था, जिसमें कथित तौर पर यह आरोप लगाया गया था कि एक 19 वर्षीय महिला के साथ एक ऑटो चालक ने कथित तौर पर बलात्कार किया था। तुरंत कार्रवाई के लिए उक्त मामला पुलिस महानिदेशक, हरियाणा के ध्यान में लाया गया।

*****

अध्याय -5

24X7 रा.म.आ. महिला हेल्पलाइन

5.1 24X7 रा.म.आ. महिला हेल्पलाइन-7827170170: दिनांक 27 जुलाई, 2021 को, राष्ट्रीय महिला आयोग ने 24X7 हेल्पलाइन-7827170170 शुरू की, जिसका उद्देश्य संबंधित पुलिस, अस्पतालों, कानूनी सेवा प्राधिकरणों और मनोवैज्ञानिक परामर्श आदि के साथ जोड़कर रेफरल के माध्यम से महिलाओं को ऑनलाइन सहायता प्रदान करना है। पोर्टल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के तहत डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के माध्यम से आईवीआर इंटरैक्टिव तंत्र द्वारा संचालित है। 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक हेल्पलाइन में प्राप्त कुल कॉल 1,55,242 हैं।

कुछ सफल मामलों का विवरण इस प्रकार है:

5.5.1 विवाह में चयन का अधिकार: सूरौठ, करौली, राजस्थान से एक कॉल करने वाले ने हेल्पलाइन को बताया कि उसकी परिचित महिला के साथ उसके परिवार के सदस्यों द्वारा शारीरिक दुर्व्यवहार किया जा रहा है और उसके पास मोबाइल फोन तक पहुंच नहीं है। राजस्थान के करौली के स्टेशन हाउस ऑफिसर(SHO) और वन स्टॉप सेंटर(OSC), सुरोठ को रा.म.आ हेल्पलाइन द्वारा तुरंत सूचित किया गया। टीम पीड़िता के घर गई, जहां उन्होंने शिकायत दर्ज की और मजिस्ट्रेट के लिए पीड़िता का बयान दर्ज किया। अपने परिवार से यह आश्वासन मिलने के बाद कि उस पर शादी के लिए कोई दबाव नहीं डाला जाएगा। उसने वापस लौटने और अपने माता-पिता पर मुकदमा दायर करने से इनकार करने का विकल्प चुना ।

5.5.2 बचाव: बिहार से एक कॉलर ने रा.म.आ हेल्पलाइन पर कॉल करके अपनी बहन के लिए सहायता मांगी जो उत्तर प्रदेश के बारीपुर टोले में थी। शिकायतकर्ता ने आगे कहा कि उसकी बहन को उसके पति ने गेट से बांधकर पीटा था। रा.म.आ हेल्पलाइन द्वारा पुलिस अधीक्षक, देवरिया, उत्तर प्रदेश से संपर्क किया गया। पुलिस ने पुष्टि की कि उसकी बहन को उसके पति ने बांध दिया था और पीटा था। पुलिस ने पीड़िता को बचाया। पुलिस अधिकारी द्वारा उसे उसके कानूनी अधिकारों के बारे में बताया गया, लेकिन उसने परामर्श के लिए कहा और अपने पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। दोनों पक्षों को बुलाकर परामर्श दिया गया।

5.5.3 बाल अभिरक्षा: पीड़िता ने उत्तर प्रदेश के बागपत से संपर्क किया और कहा कि वह अपने माता-पिता के साथ रह रही है क्योंकि उसके पति और ससुराल वाले उसके घरेलू झगड़े का कारण बन रहे हैं। उसने विरोध किया कि उसका पति उसकी सहमति के बिना उसके सात महीने के बच्चे को ले गया है। उत्तर प्रदेश के बागपत के स्टेशन हाउस ऑफिसर(SHO) और वन स्टॉप सेंटर(OSC) से रा.म.आ हेल्पलाइन द्वारा संपर्क किया गया। पुलिस स्टेशन में बाल कल्याण समिति ने बच्चे को उसके पास वापस लाने में सहायता की। बच्चा वापस उसे सौंप दिया गया।

5.5.4 मानव तस्करी मामला: 16 साल की उम्र में, पीड़िता को पश्चिम बंगाल से जम्मू और कश्मीर जाने के लिए मजबूर किया गया था। वह वर्तमान में शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं। पिछले आठ वर्षों में उसने अपने लंबे समय से खोए हुए रिश्तेदारों के साथ फिर से जुड़ने का प्रयास किया लेकिन ऐसा करने में असमर्थ रही। उसने रा.म.आ हेल्पलाइन पर कॉल किया और अपने माता-पिता से संपर्क करने में सहायता मांगी। पीड़ित परिवार की सहायता करने और उसका पता लगाने के लिए, रा.म.आ हेल्पलाइन ने दक्षिण 24 परगनों, पश्चिम मेदिनीपुर, हुगली और सुंदरबन सहित विभिन्न जिलों के एसएसपी से संपर्क किया। तीन दिनों के भीतर, अधिकारी लड़की के माता-पिता का पता लगाने में सक्षम हो गए, जिससे पीड़ित परिवार की पहचान हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की। वीडियो कॉन्फ्रेंस कॉल पर लड़की ने अपने माता-पिता को पहचान लिया। इसके अतिरिक्त, वन स्टॉप सेंटर OSC के एक प्रतिनिधि ने रा.म.आ हेल्पलाइन को सूचित किया कि लड़की के माता-पिता अपनी बेटी से मिलने के लिए जम्मू-कश्मीर गए थे।

*****

अध्याय -6

नीति निगरानी एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ

6.1 राष्ट्रीय महिला आयोग जीवन के सभी पहलुओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने और सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आयोग सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में महिलाओं की उन्नति और प्रभावी भागीदारी में बाधा डालने वाले कारकों की पहचान करने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी में विभिन्न शोध अध्ययन आयोजित करता है।

6.2 प्रचारात्मक और शैक्षणिक अनुसंधान से संबंधित मामलों को संभालने का उत्तरदायित्व आयोग के नीति, निगरानी और अनुसंधान प्रकोष्ठ पर है। इसमें महिलाओं के प्रति भेदभाव और अत्याचार से उत्पन्न होने वाली विशिष्ट समस्याओं या स्थितियों की जाँच शामिल है। इन अध्ययनों के निष्कर्ष बाधाओं की पहचान करने और उनका निष्कासन करने में आयोग की मदद करते हैं।

6.3 वर्ष 2022-2023 के दौरान, आयोग ने सेमिनारों, कार्यशालाओं और अनुसंधान अध्ययनों सहित कई गतिविधियों को वित्त पोषित किया। इन गतिविधियों का उद्देश्य महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले कठिन-श्रम और व्यावसायिक स्वास्थ्य खतरों के लिए जिम्मेदार कारकों का विश्लेषण करना है। आयोग का मानना है कि इस तरह के शोध महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों की पहचान करने और उनके समाधान के लिए प्रभावी समाधान विकसित करने में महत्वपूर्ण हैं।

6.4 रा.म.आ यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि महिलाओं को जीवन के सभी क्षेत्रों में समान अवसर और प्रतिनिधित्व मिले। अपने शोध अध्ययनों और अन्य संगठनों के साथ साझेदारी के माध्यम से आयोग एक ऐसा समाज बनाने की दिशा में काम कर रहा है जो सभी के लिए समावेशी और न्यायसंगत हो।

6.5 आयोग ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में सेमिनार आयोजित करने के लिए पांच विषयों को मंजूरी दी जो इस प्रकार हैं:

क) दिव्यांग महिलाओं के अधिकार (DAW)

ख) खेल में महिलाएँ

ग) अर्धसैनिक बलों में महिलाएं

घ) महिलाओं को न्याय दिलाने में फास्ट ट्रैक कोर्ट की भूमिका

ड) महिला थाने की कार्यप्रणाली (कार्य, दक्षता एवं प्रभावशीलता)

पूरे भारत में उपर्युक्त विषयों पर जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न राज्यों में गैर सरकारी संगठनों, विश्वविद्यालयों और संस्थानों आदि को सेमिनार की अनुमति दी गई थी। आयोग द्वारा प्रायोजित सेमिनारों की सूची अनुबंध IV में संलग्न है।

तदनुसार पाँच विषयों पर सिफ़ारिशें इस प्रकार हैं:

6.5.1 दिव्यांग महिलाओं के अधिकार (DAW): सभी व्यक्तियों की तरह दिव्यांग महिलाओं के पास भी मौलिक अधिकारों का एक समूह है जो उनकी गरिमा, भलाई और समाज में पूर्ण भागीदारी के लिए आवश्यक हैं। ये अधिकार, जिन्हें अक्सर "विकलांगता अधिकार" कहा जाता है, समानता, गैर-भेदभाव और समावेशन के सिद्धांतों पर आधारित हैं। हालाँकि, अलग-अलग रूप से सक्षम महिलाओं को अक्सर अजीब चुनौतियों और बाधाओं का सामना करना पड़ता है जो उनके लिंग और विकलांगता से जुड़ी होती हैं, जिससे उनके विशिष्ट अधिकारों और जरूरतों को समझना और उनकी वकालत करना महत्वपूर्ण हो जाता है। दिव्यांग महिलाओं के अधिकारों को पहचानना और उनका समर्थन करना सतत विकास की दिशा में एक समावेशी और न्यायसंगत समाज के निर्माण की दिशा में एक कदम है।

6.5.1.1 **समावेशन और पहुंच :**

क) सार्वजनिक भवनों, परिवहन और बुनियादी ढांचे तक पहुंच के लिए मानकों और नियमों को विकसित और लागू करके यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे विकलांग महिलाओं के लिए पूरी तरह से सुलभ हैं।

ख) संगठनों और व्यवसायों को उनकी सुविधाओं और सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने में मदद करने के लिए धन और तकनीकी सहायता प्रदान करें।

ग) स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच और समावेशन नीतियों पर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए विकलांगता अधिकार समितियां या सलाहकार बोर्ड स्थापित करें।

6.5.1.2 **रोजगार के अवसर:**

क) सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में विकलांग महिलाओं को काम पर रखने के लिए कोटा या अन्य प्रोत्साहन स्थापित करें।

ख) नौकरी प्रशिक्षण और प्लेसमेंट कार्यक्रम विकसित करें जो विकलांग महिलाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप हों।

ग) दिव्यांग महिलाओं को रोजगार देने वाले व्यवसायों को कर-प्रोत्साहन और अन्य वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करें।

6.5.1.3 **शिक्षा और जागरूकता:**

क) ऐसे शैक्षिक कार्यक्रम विकसित करें जो दिव्यांग महिलाओं के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों के बारे में समझ और जागरूकता को बढ़ावा दें।

ख) शिक्षकों, नियोक्ताओं और सेवा प्रदाताओं को दिव्यांग महिलाओं को प्रभावी ढंग से समर्थन और समायोजित करने के तरीके के बारे में प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करें।

ग) दिव्यांग महिलाओं के योगदान और उपलब्धियों को उजागर करने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाना।

6.5.1.4 **स्वास्थ्य और कल्याण:**

क) सुनिश्चित करें कि दिव्यांग महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हों जो उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करती हों।

ख) यह सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा सहायता और अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों का

विस्तार करें कि जीर्ण स्थितियों में विकलांग महिलाओं की पूर्व-सतर्कता-संबंधी उपाय, जाँच और उपचार तक पहुंच हो।

ग) सहायक प्रौद्योगिकियों और चिकित्सा उपकरणों के अनुसंधान और विकास में निवेश करें जो विकलांग महिलाओं के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं।

6.5.1.5 **सामाजिक सहायता:**

क) समुदाय-आधारित कार्यक्रम स्थापित करें जो समाजीकरण और मनोरंजन में सामाजिक सहायता के अवसर प्रदान करते हैं।

ख) अलग-अलग रूप से सक्षम महिलाओं को परामर्श, चिकित्सा और अन्य मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें जो अलगाव, अवसाद या अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही हों।

ग) परामर्श और नेतृत्व कार्यक्रम विकसित करें जो दिव्यांग महिलाओं को उनके कौशल और क्षमता विकसित करने में मदद करें।

6.5.1.6 **कानूनी सुरक्षा:**

क). दिव्यांग महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए भेदभाव विरोधी कानूनों को मजबूत करें।

ख) सुनिश्चित करें कि सरकारी एजेंसियाँ और व्यापार संबंधित नियमों और मानकों तक पहुंच का अनुपालन करें।

ग) भेदभाव या अन्य कानूनी चुनौतियों का सामना करने वाली दिव्यांग महिलाओं को कानूनी सहायता और समर्थन प्रदान करें।

निष्कर्षतः दिव्यांग महिलाओं के अधिकारों और भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं और चुनौतियों का समाधान करे। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सामाजिक समर्थन और कानूनी सुरक्षा में निवेश करके हम एक अधिक समावेशी और न्यायसंगत समाज बना सकते हैं जो सभी को लाभ पहुंचाएगा।

6.5.2 खेलों में महिलाएँ: पिछले दशक में हमने खेलों में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि देखी है। यह भी देखा गया है कि महिला खिलाड़ियों के प्रति राशि के भुगतान, प्रचार और बुनियादी ढांचे और संसाधनों की उपलब्धता को लेकर रवैया भेदभावपूर्ण है। खेलों में महिलाओं की बेहतरी के लिए सुधार की आवश्यकता लैंगिक समानता सुनिश्चित करने, महिला एथलीटों को सशक्त बनाने और अधिक समावेशी और न्यायसंगत खेल परिदृश्य बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। लैंगिक भेदभाव को कम करने और खेलों में महिलाओं की भागीदारी में सुधार के लिए आयोग को प्राप्त और स्वीकृत विभिन्न सेमिनार रिपोर्टों के अनुसार कुछ प्रमुख क्षेत्र जिनमें सुधार आवश्यक हैं: -

6.5.2.1 **खेल और सेहत**

क) शिक्षा के सभी स्तरों पर शारीरिक शिक्षा अनिवार्य करें।

ख) खेलों में लड़कियों की सक्रिय भागीदारी के लिए अलग से अंक रखें।

ग) बालिका खिलाड़ियों के पोषण की देखभाल के लिए खेल पोषण विशेषज्ञ की नियुक्ति।

घ) शैक्षणिक संस्थानों के पास मध्याह्न भोजन जैसी कोई योजना होनी चाहिए जो बालिका खिलाड़ियों के पोषण का ख्याल रख सके।

ड़) बालिका खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए खेल मनोवैज्ञानिकों की नियुक्ति।

6.5.2.2 **खेलों का चुनाव कैरियर के रूप में**

क) खेल प्रशासन में महिलाओं के लिए आरक्षण रखें।

ख) लड़कियों को उनके लिए उपलब्ध खेल छात्रवृत्तियों के बारे में जानकारी दें।

ग) खेल में कैरियर के अवसरों के बारे में जानकारी देने के लिए बालिका एथलीटों के लिए कैरियर परामर्श सत्र और प्रदर्शनियाँ आयोजित की जाएं।

घ) खेलों में महिलाओं की भागीदारी के संबंध में अभिभावकों एवं शिक्षकों को जागरूक करें।

ड़) खेल से जुड़ी सभी गतिविधियों जैसे कोचिंग, मसाज, फिजियोथेरेपी, पोषण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएँ।

6.5.2.3 **संस्था का प्रचार एवं भूमिका**

क) यह देखा गया है कि लड़कियों के लिए टूर्नामेंट में केवल दो श्रेणियां हैं। यह अनुशंसा की जाती है कि पुरुष और महिला दोनों खिलाड़ियों के लिए समान श्रेणियां होनी चाहिए।

ख) अधिक संख्या में महिला प्रशिक्षकों की नियुक्ति करें।

ग) प्रत्येक विद्यालय में महिला शारीरिक शिक्षा अध्यापिका की नियुक्ति करें।

घ) महिला एथलीटों और महिला अधिकारियों के लिए उचित बुनियादी ढाँचा प्रदान किया जाना है जिसमें छात्रावास, चेंजिंग रूम और उचित प्रकाश की व्यवस्था, अच्छी तरह का रखरखाव भी शामिल है।

ड़) शारीरिक शिक्षा में प्राप्त अंकों को श्रेणी पुरस्कार के लिए गिना जाना चाहिए।

च) उपस्थिति, असाइनमेंट जमा करने के संबंध में एथलीटों को रियायतें दें।

छ) खेलों में भाग लेने वाली लड़कियों के लिए विशेष छात्रवृत्तियाँ स्थापित करना।

ज) बालिका एथलीटों को खेल में भाग लेने के लिए आवश्यक उपकरण उनके क्लबों और संस्थानों द्वारा उपलब्ध कराए जाने चाहिए जिनका वे प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

झ) बालिका एथलीटों को शिक्षा और खेल के बीच संतुलन बनाने में मदद करने के लिए समय प्रबंधन पर सत्र आयोजित करें।

ञ) बच्चों में योग्यता की पहचान करने के लिए प्रत्येक जिले में खेल-नर्सरी की शुरूआत करें।

6.5.2.4 **कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न**

क) सभी शैक्षणिक संस्थानों और खेल अकादमियों और क्लबों में आंतरिक शिकायत समितियाँ अनिवार्य करें।

ख) हर साल बालिका एथलीटों के लिए पॉश (POSH) अधिनियम के बारे में ओरिएंटेशन का आयोजन करें।

ग) खेल अकादमियों, क्लबों और संस्थानों के खेल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा लेखा परीक्षा सालाना रूप से की जानी चाहिए।

घ) संस्थानों, क्लबों और खेल अकादमियों में महिला पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करें।

निष्कर्षतः यह स्पष्ट है कि महिलाएँ खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकती हैं, बशर्ते उन्हें परिवार, समाज से सहयोग मिले। जैसे शिक्षा का अधिकार, 'बच्चों के लिए खेलने का अधिकार' अधिनियम

देश में होना चाहिए, महिलाओं के लिए सभी स्तरों पर खेल प्रशासन में 50% आरक्षण रखा जाए और सरकारी अधिकारियों द्वारा सुरक्षा और उचित बुनियादी ढाँचा प्रदान करने में बड़ी मदद की जाए।

6.5.3 अर्धसैनिक बलों में महिलाएं: अर्धसैनिक बलों के साथ-साथ सशस्त्र पुलिस बलों में महिलाओं की स्थिति से संबंधित विभिन्न प्रमुख और छोटे मुद्दों को सेमिनार सत्रों में उठाया गया। उन कारकों पर चर्चा की गई जो इन बलों में महिलाओं की कम भागीदारी के लिए जिम्मेदार हैं, भले ही महिलाएं कुल आबादी का 50% हैं और उनमें इसका हिस्सा बनने की इच्छा है। सभी सत्रों में सामने आने वाले प्रमुख बिंदुओं का उल्लेख यहां नीचे दिया गया है:

1. समाज की प्रतिगामी मानसिकता जो महिलाओं को इस भूमिका में स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है और उन्हें अपने लक्ष्यों से समझौता करने के लिए मजबूर करके उनके रास्ते में बाधाएं पैदा कर रही है।
2. सरकार द्वारा नीतिगत हस्तक्षेप को अधिक प्रभावी होने की आवश्यकता है और महिलाओं के दृष्टिकोण से बुनियादी चिंताओं के लिए समावेशी होना चाहिए यानी इसे इस तरह से तैयार किया जाना चाहिए कि यह महिलाओं की शारीरिक नियमों के साथ तालमेल बिठाए।
3. सरकार और संबंधित अधिकारियों को यह ध्यान में रखना चाहिए कि महिलाओं के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए, न केवल इसलिए कि महिलाओं को इसकी आवश्यकता है बल्कि इसलिए भी कि उन महिला कर्मियों को प्रशिक्षित करने में संगठन ने समय और संसाधनों का निवेश किया है और जब वे मातृत्व या बच्चे के पालन-पोषण एवं परिवार की देखभाल के कारण बीच में ही नौकरी छोड़ देती हैं तो यह संस्था के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

6.5.4 **महिलाओं को न्याय दिलाने में फास्ट ट्रैक अदालतों की भूमिका:** जैसा कि ठीक ही कहा गया है, 'न्याय में देरी, न्याय न मिलने के समान है' और त्वरित न्याय प्रदान करने की सुविधा के लिए, अतीत में विभिन्न 'फास्ट ट्रैक अदालतें' और 'विशेष अदालतें' स्थापित की गई हैं। भारत सरकार विभिन्न कानूनी उपायों के माध्यम से सभी उम्र की महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। बलात्कार जैसे मामलों को रोकने के लिए विशेष कानूनों के माध्यम से मृत्युदंड सहित कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। हालाँकि, यह तभी संभव है जब अदालत में सुनवाई समय सीमा के भीतर पूरी हो और पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिले। यौन अपराधों की घटनाओं और अभियुक्तों की लंबी सुनवाई के कारण पीड़ितों को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए समर्पित अदालती तंत्र की आवश्यकता है।

विभिन्न सत्रों में जो मुख्य बातें सामने आईं वे इस प्रकार हैं:

6.5.4.1 मामले की जाँच करने और समय पर रिपोर्ट प्रदान करने के लिए जाँच एजेंसियों को मजबूत किया जाना चाहिए, डीएनए रिपोर्टिंग उचित होनी चाहिए, फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाएं पर्याप्त संख्या में स्थापित की जानी चाहिएं और त्वरित सुनवाई और न्याय के लिए मुकदमे के दौरान विशेष लोक अभियोजक भी उपलब्ध होना चाहिए।

6.5.4.2 अदालतों में कमजोर गवाह बयान केंद्र (VWDC) हों ताकि उचित सुनवाई के लिए यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाओं और बच्चों पर कोई मनोवैज्ञानिक दबाव न हो।

6.5.4.3 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिएं क्योंकि बहुत से लोगों को कानूनों के बारे में जानकारी नहीं हैं। कानूनी जागरूकता प्रत्येक नागरिक से जुड़ी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर स्पष्टता प्रदान करने में मदद करती है।

6.5.4.4 जाँच करने और साक्ष्य एकत्र करने में पुलिस अधिकारियों के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिएं। साथ ही महिला मुद्दों से निपटने वाले पुरुष कानून अधिकारियों के लिए विशेष संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिएं ताकि उन्हें निर्णय लेते समय ध्यान में रखे जाने वाले आवश्यक कारकों से अवगत कराया जा सके।

6.5.4.5 पुलिस विभाग को किसी भी पीड़ित की पहचान उजागर नहीं करनी चाहिए क्योंकि पीड़ित या उसके रिश्तेदारों को धमकी और दबाव देने से मामला कमजोर हो सकता है।

6.5.4.6 समाज की मानसिकता को बदलने के लिए महिलाओं से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए नियमित प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाने चाहिएं।

6.5.4.7 फास्ट ट्रैक अदालतों में न्यायाधीशों का अलग सेट होना ताकि यह नियमित अदालतों के साथ ओवरलैप न हो और त्वरित सुनवाई हो सके और समय पर न्याय दिया जा सके।

6.5.5 महिला थाने की कार्यप्रणाली (कार्य, दक्षता एवं प्रभावशीलता)

महिला पुलिस स्टेशन (WPS) बनाने का मुख्य लक्ष्य महिलाओं को एक सुरक्षित वातावरण देना था जहां वे पुलिस सेवाओं तक पहुंच सकें। जो महिलाएं अपने लिंग के आधार पर अपराधों की शिकार होती हैं, वे प्रतिशोध, सामाजिक कलंक, कम सजा दर और पुरुष पुलिस अधिकारियों द्वारा दुर्व्यवहार की चिंता के कारण पुलिस में रिपोर्ट करने से हिचकती हैं। महिला पुलिस स्टेशनों की मदद से पीड़िता प्रतिशोध के डर के बिना अपराधों का खुलासा कर सकती हैं और कानूनी प्रणाली में विश्वास हासिल कर सकती हैं। पुलिस बल में महिलाओं के अनुपात को बढ़ावा देने से अधिक महिलाओं को आपराधिक न्याय प्रणाली से मदद लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। पुलिस विभागों में काम करने वाली और अपराधों को देखने वाली महिलाएं बड़े पैमाने पर समाज में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण बदलने में मदद कर सकती हैं।

महिलाओं के प्रति हिंसा (VAW) अपराधों की बढ़ती व्यापकता के जवाब में रिपोर्टिंग दर बढ़ाने के प्रयास में महिला पुलिस स्टेशन (WPS) महिलाओं के लिए, कलंक-मुक्त और स्वागत योग्य वातावरण प्रदान करता है। इन स्टेशनों में पुलिस कर्मचारी के रूप में काम करने वाली महिलाएं अन्य महिलाओं को इन सुविधाओं का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं, जिससे महिला पुलिस स्टेशन (WPS) की गुणवत्ता और मात्रा में सुधार होता है। सर्वोत्तम परिणामों के लिए, स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपराध से लड़ने के लिए संसाधनों को प्राथमिकता देना और आबंटित करना आवश्यक है।

विभिन्न सत्रों में की गई प्रमुख सिफारिशें इस प्रकार हैं:

1) महिला पुलिस स्वयंसेवकों की योजना को राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेश प्रशासनों के सक्रिय वित्तीय और प्रशासनिक समर्थन से लागू किया जाना चाहिए क्योंकि यह केंद्रीय क्षेत्र की नीति है।

2) सभी महिला पुलिस कर्मियों का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित अंतराल पर चलाया जाना चाहिए। उनकी सक्रिय भूमिका के अलावा सभी हितधारकों की क्षमता को मजबूत करना और सामुदायिक सशक्तिकरण भी जरूरी है।

3) महिला पुलिस अधिकारियों को अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन को संतुलित करने में मदद करने के लिए परिवार के अनुकूल नीतियां बनाई जानी चाहिएं। इन पॉलिसियों में सवैतनिक वैवाहिक अवकाश, बच्चे की देखभाल और चिकित्सा बीमा शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा कार्यस्थल पर सैनिटरी उत्पादों की आसान उपलब्धता भी एक बड़ी पहल है।

4) नीतियों में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए शैक्षिक कार्यक्रम भी शामिल होने चाहिएं और सेमिनार आयोजित किए जाने चाहिएं जहां उनके सामने आने वाली समस्याओं पर ध्यान दिया जाए और उनका समाधान किया जाए। इसे न केवल पुलिस विभागों में बल्कि स्कूलों और कॉलेजों में भी आयोजित किया जाना चाहिए जो महिलाओं को पुलिस संगठन में नौकरी करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

5) पुलिस विभागों के प्रशासनिक और सेवा दोनों वर्गों में महिलाओं के रोजगार से उनके लिंग से जुड़ी रूढ़िवादिता दूर होगी। महिलाओं को केवल दिखावे के लिए नियुक्त करना और उन्हें केवल प्रशासन विभाग तक ही सीमित रखना उनकी क्षमताओं को कम आंकना है।

6) पुलिस विभाग के भीतर यौन उत्पीड़न और बलात्कार के मामलों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। महिलाओं के लिए अपने सहकर्मियों और वरिष्ठों के खिलाफ बिना किसी जटिलता के ऐसे मामलों की रिपोर्ट करने के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाने के लिए कदम उठाए जाने चाहिएं। प्रत्येक क्षेत्राधिकार के पुलिस स्टेशनों और प्रशिक्षण केंद्रों के लिए एक अलग विभाग स्थापित किया जाना चाहिए जहां ऐसी शिकायतें दर्ज की जा सकें और त्वरित जाँच हो सके।

7) मार्गदर्शन के अवसरों का विस्तार करने से महिला अधिकारियों को ज्ञान और संपर्क प्राप्त करने में भी मदद मिल सकती है जो उनके कैरियर के विकास में सहायक होंगे। उच्च रैंकिंग वाले पुरुषों और महिलाओं और उनके अधीनस्थों के बीच पेशेवर संबंधों के विकास को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने वाली औपचारिक सलाह योजनाएं फायदेमंद होंगी और वरिष्ठों और अधीनस्थों के बीच की दूरियों को पाटने में मदद करेंगी।

8) इसके अलावा, महिलाओं को कैरियर में उन्नति में सहायता के लिए व्यावसायिक विकास के अवसरों को और अधिक सुलभ बनाया जाना चाहिए।

9) अंत में, पुलिस विभाग में विविधता के प्रबंधन में सहायता के लिए गृह मंत्रालय द्वारा विभिन्न सिफारिशें प्रदान की जाती हैं। इन सिफारिशों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने से विविधता के प्रबंधन और सभी कर्मचारियों के लिए समान अवसर की सुविधा मिलेगी।

6.6 वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुसंधान अध्ययन आयोजित करने के लिए स्वीकृत विषय थे:

i) दिव्यांग महिलाओं के अधिकार

ii) खेल में महिलाएँ

iii) अर्धसैनिक बलों में महिलाएं

iv) महिलाओं को न्याय दिलाने में फास्ट ट्रैक कोर्ट की भूमिका

v) महिला थाने की कार्यप्रणाली (कार्य, दक्षता एवं प्रभावशीलता)

आयोग द्वारा प्रायोजित अनुसंधान अध्ययनों की सूची **अनुबंध V** के रूप में संलग्न है।

कुल 15 अनुसंधान अध्ययनों में से आयोग द्वारा वित्त पोषित अनुसंधान अध्ययन इस प्रकार है- 3 अनुसंधान अध्ययन दिव्यांग महिलाओं के अधिकारों (DAW) पर हैं; तीन शोध अध्ययन खेल में महिलाओं पर हैं'; एक 'अर्धसैनिक बलों में महिलाओं' पर है और आठ महिला थाने की कार्यप्रणाली (कार्य, दक्षता और प्रभावशीलता)' पर हैं। इन अनुसंधान अध्ययनों के पूरा होने पर, संबंधित अनुसंधान संस्थान नियम और शर्तों के अनुसार संबंधित रिपोर्ट आयोग को प्रस्तुत करेंगे।

6.7 विगत वर्षों में आयोग द्वारा अग्रेषित तथा वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान प्रस्तुत मुख्य सिफारिशें नीचे देखी जा सकती हैं:

6.7.1 'मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (MHM) में सक्षमकर्ताओं और अवरोधकों का आकलन' पर शोध-अध्ययन: एमिटी यूनिवर्सिटी (लखनऊ कैंपस), यूपी द्वारा मध्य उत्तर प्रदेश के अर्ध शहरी क्षेत्रों में जागरूकता और व्यवहार पर अध्ययन आयोजित किया गया।

- मासिक धर्म के दौरान लड़कियों/महिलाओं से जुड़ी जैविक, सामाजिक, मानसिक और मनोवैज्ञानिक समस्याओं के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्कूलों/अभियानों के माध्यम से लड़कों/पुरुषों के लिए सूचना का अधिकार सुनिश्चित करना। इसके अतिरिक्त, इससे मासिक धर्म संबंधी वर्जनाओं और मिथकों को दूर करने में परिवर्तन एजेंटों के रूप में उनकी भूमिका को समझने में भी सुविधा होगी। वृत्तचित्र फिल्मों के माध्यम से, स्कूल में लड़कों को इस बात पर खुली चर्चा करनी चाहिए कि वे कठिन दिनों के दौरान घर पर अपनी माताओं और बहनों की कैसे मदद करते हैं।
- पुरुषों की उपस्थिति में सैनिटरी नैपकिन मांगने में पीरियड शेमिंग, झिझक, बेचैनी, शर्मिंदगी और अजीब समस्याओं को हल करने के लिए मेडिकल स्टोर के अलावा उन सभी संभावित स्थानों की दृश्यता में सुधार करना जहां से सैनिटरी नैपकिन खरीदे जा सकते हैं। रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों, हवाई अड्डों और शॉपिंग सेंटरों पर व्यापारिक मशीनों (वेंडिंग मशीन) की स्थापना में नवाचार और नए साझेदारी मॉडल को शुरू और प्रोत्साहित किया जा सकता है। इससे जागरूकता बढ़ेगी और साथ ही मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में भी जागरूकता बढ़ेगी।
- ऊंची कीमतों की धारणा को तोड़ने के लिए उत्पाद की कम कीमतों पर ध्यान केंद्रित करने वाले विज्ञापनों के माध्यम से व्यापक जागरूकता सुनिश्चित की जा सकती है। सरकारी कम कीमत वाले गुणवत्ता वाले सैनिटरी नैपकिन विज्ञापनों के प्रसारण की आवृत्ति बढ़ाई जानी चाहिए। चूंकि माताएँ मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (MHM) जागरूकता और प्रथाओं के लिए एक स्पष्ट प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में उभरी हैं, विज्ञापन में उनकी सही भूमिका चित्रित करने से लाखों लोग प्रभावित होंगे। अधिकांश माताएं मासिक धर्म के बारे में पहली सूचना प्रदाता होती हैं, लेकिन ज्ञान और कौशल को बढ़ाने में उनकी भूमिका को बढ़ावा नहीं दिया गया है।
- कक्षा छह से आगे के सभी छात्रों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर एक अध्याय शामिल किया जाना चाहिए। इससे जागरूकता आएगी, ज्ञान पैदा होगा और लड़कों को मासिक धर्म और मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति संवेदनशील बनाया जा सकेगा।
- सभी छात्रों के लिए मासिक धर्म स्वास्थ्य और संबंधित मुद्दों पर सामान्य प्रश्न सहित व्यापक परीक्षण आयोजित किया जाना चाहिए। यदि विषय पर कम से कम एक लंबा प्रश्न या बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र का हिस्सा बनता है तो प्रभाव अधिक होगा। स्पष्ट रूप से समझाया जाए कि यह प्रक्रिया जीवन देती है और युवा मन में बिठाना होगा कि इसे समाज में अपमानित नहीं किया जाना चाहिए।
- सर्वश्रेष्ठ मासिक धर्म प्रबंधन स्कूल और मासिक धर्म अनुकूल स्कूल आदि अवधारणाओं के लिए विशेष पुरस्कार शुरू कर दिए जाने चाहिएं। स्कूल की मान्यता के लिए एक अनिवार्य मानदंड इसमें वेंडिंग मशीन, चेंजिंग रूम, उचित शौचालय के साथ कूड़ेदान आदि का प्रावधान होना चाहिए। इसी तरह, 'मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (MHM) को बढ़ावा देने में योगदान देने वाले शिक्षकों के लिए विशेष पुरस्कार दिए जाने चाहिएं। ये शिक्षक अन्य सामाजिक संस्थानों के साथ सहयोग कर सकते हैं और अस्वास्थ्य कर मासिक धर्म प्रथाओं के कारण स्वास्थ्य जोखिमों को

कम करने के लिए लड़कियों को स्वच्छता और घर में बने पैड के भंडारण के लिए प्रशिक्षण प्रदान कर सकते हैं।

- 'मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (MHM) के महत्व को समझाने के लिए इस विषय पर मशहूर हस्तियों के वृत्तचित्र और टॉक शो दिखाकर मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर एक अनिवार्य सत्र के साथ स्कूलों/कॉलेजों में ओरिएंटेशन सत्र के लिए माता-पिता को आमंत्रित करना। स्कूलों में वरिष्ठ छात्राओं से लेकर युवा लड़कियों को मासिक धर्म स्वास्थ्य और उत्पादों के बारे में सहकर्मी सलाह दी जानी चाहिए।

6.7.2 भारतीय स्त्री शक्ति, मुंबई द्वारा 'जमीनी स्तर पर महिलाओं के सशक्तिकरण पर नीतियों का मूल्यांकन' पर शोध अध्ययन

- विधवाओं को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (IGNWP) और वृद्धावस्था पेंशन योजना दोनों से लाभ मिल सकता है। एक विधवा को देय पेंशन उसकी मृत्यु तक उसकी उम्र या उसके बेटे की कमाई की स्थिति के संबंध में किसी पूर्व शर्त के बिना जारी रखी जानी चाहिए। पेंशन की राशि बढ़ाने की सिफारिश की गयी है।
- प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना को लेकर लाभ की राशि बढ़ाई जा सकती है। योजना का लाभ दूसरी डिलीवरी तक भी दिया जा सकता है।
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए सिफारिश की गई है कि दूसरे सिलेंडर की कीमत कम की जा सकती है, साथ ही योजना के तहत मिलने वाले सिलेंडर का आकार भी बढ़ाया जा सकता है। केंद्र सरकार से राज्य सरकार को विभिन्न योजनाओं के लिए धनराशि जारी करने में होने वाली देरी से बचा जा सकेगा।
- विशेष रूप से ग्रामीण, आदिवासी और स्लम क्षेत्रों में वंचित महिलाओं की अधिकतम संख्या तक पहुंचने के प्रयास आवश्यक हैं। बड़े होर्डिंग्स और दीवार पेंटिंग प्रचार के कुछ अनुशंसित सफल तरीके हैं जिससे लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए योजनाओं और प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करने और प्रत्येक योजना के तहत आवश्यक तकनीकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण शिविर/कार्यशालाएं आयोजित की जा सकती हैं।
- जिला स्तर पर सभी योजनाओं के लिए वन विंडो सिस्टम एवं हेल्प डेस्क की स्थापना। योजना पर मोहल्ला जनसुनवाई सत्र स्थानीय सरकार द्वारा आयोजित किए जाने हैं।
- महिलाओं के लिए प्रशिक्षण और रोजगार कार्यक्रम का समर्थन (STEP) योजना के तहत, प्रशिक्षण मॉड्यूल में ऑनलाइन बैंक लेनदेन और ऑनलाइन विपणन गतिविधियों के बारे में ज्ञान पर विषयों को शामिल करने की आवश्यकता है। STEP योजना प्रशिक्षण मॉड्यूल के तहत सॉफ्ट स्किल और कंप्यूटर कौशल प्रदान करने और जमीनी स्तर तक पहुंच प्रदान करने की आवश्यकता है। STEP योजना के तहत बार-बार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायें। बैंक प्रक्रियाओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जा सकते हैं।
- फॉर्म और दस्तावेज़ ऑफ़लाइन जमा करने की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए।
- प्रत्येक योजना के तहत योजनाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया एवं तकनीकी पर एक अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए।

- STEP के तहत महिलाओं को जिला स्तर पर विपणन केंद्र, प्रदर्शनियां, मेले आदि जैसे तैयार बाजार उपलब्ध कराकर सुविधा प्रदान की जा सकती है।

6.7.3 जादवपुर विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल द्वारा 'घरेलू हिंसा से निपटने के सामाजिक-कानूनी आयाम: घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 को लागू करने में चुनौतियाँ' पर शोध अध्ययन

- घरेलू हिंसा पर घर-घर जागरूकता के लिए गैर सरकारी संगठनों की सक्रिय भागीदारी और स्वयं-सेवी संगठनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा कर्मियों की भागीदारी।
- पुरुषों के लिए भी घरेलू हिंसा की अवैधता पर जागरूक होना जरूरी है। इस मुद्दे पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, कानूनी जागरूकता कार्यक्रम और पोस्टर और दीवार भित्तिचित्रों (ग्राफिटी आर्ट) में वृद्धि होनी चाहिए।
- पुलिस बल के लिए नियमित लिंग संवेदीकरण कार्यक्रम अनिवार्य होना चाहिए।
- घरेलू हिंसा से महिला सुरक्षा अधिनियम (PWDVA) के बेहतर प्रभाव से समाज सेवा को मजबूत बनाना। घरेलू हिंसा से महिला सुरक्षा अधिनियम के बेहतर कार्यान्वयन के लिए समर्पित सुरक्षा अधिकारियों की नियुक्ति की जाए।
- घरेलू हिंसा के मामलों पर काम करने के लिए सेवा प्रदाताओं के लिए वार्षिक धनराशि जारी करना।
- अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले घरेलू हिंसा के मरीजों की पहचान के लिए प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। पीड़ित महिलाओं के इलाज के लिए अधिक संवेदनशीलता के साथ डॉक्टरों की सहायता करने के लिए मेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।
- अस्पतालों में पीड़ितों को आपातकालीन मनोवैज्ञानिक देखभाल देने के लिए उचित बुनियादी ढांचा होना चाहिए।
- घरेलू हिंसा के मामलों की सुनवाई के लिए समर्पित विशेष/अलग अदालतें प्रदान करें। घरेलू हिंसा के मामलों से निपटने के लिए विशेष रूप से नामित अदालतों की स्थापना या अधिनियम के त्वरित कार्यान्वयन के लिए अधिक अदालतों की स्थापना के लिए धन में वृद्धि आवश्यक है।
- आजीविका और कौशल विकास कार्यक्रम प्रदान करने वाले विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से घरेलू हिंसा के पीड़ितों की आर्थिक स्वतंत्रता के लिए एक आय सृजन कार्यक्रम विकसित करना।
- पारिवारिक परामर्श के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक परामर्श के संदर्भ में पीड़ितों के लिए परामर्श की भूमिका पर जोर दिया गया।

6.7.4 मदुरै कामराज विश्वविद्यालय द्वारा 'तमिलनाडु के संदर्भ में सोशल मीडिया में महिलाओं के प्रति हिंसा की अभिव्यक्ति' पर शोध अध्ययन-

i. केंद्र सरकार:

- अच्छे ऑनलाइन आचरण बनाम बुरे ऑनलाइन आचरण के बारे में जागरूकता और संवेदनशीलता प्राथमिक विद्यालय स्तर से ही शुरू की जा सकती है। साइबर अपराध की रिपोर्ट करने का पहला स्तर संभवतः माता- पिता होंगे। इस प्रकार यह आवश्यक है कि माता-पिता को भी अपनी लड़कियों के लिए अपराध या छोटी असुविधा की

ऑनलाइन रिपोर्ट करने के लिए अनुकूल माहौल बनाने के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए।

- अध्ययन में केस स्टडी के उदाहरण दर्शाते हैं कि महिलाओं के व्यक्तिगत डेटा का उपयोग ऑनलाइन पीड़ित महिलाओं के बारे में झूठी और अपमानजनक छवि पेश करने के लिए किया जा रहा है। महिलाओं द्वारा कानूनी रूप से अपराध के खिलाफ लड़ने और अपराधियों को सजा दिलाने के मामले में, प्रसारित अपमानजनक डेटा अभी भी ऑनलाइन प्रसारण में होगा। ऐसे में महिलाओं को इंटरनेट से ऐसे सभी डेटा को डिलीट करने का अधिकार दिया जाना चाहिए।
- तकनीकी बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षित जनशक्ति के साथ साइबर अपराधों पर मुकदमा चलाने के लिए विशेष साइबर अपराध पुलिस स्टेशन स्थापित करने की आवश्यकता है। केन्द्रीय जाँच ब्यूरो- आपराधिक जाँच विभाग विंग के समान साइबर अपराध जाँच ब्यूरो देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित किया जाए।
- सोशल मीडिया से संबंधित साइबर अपराधों की जाँच में अधिक महिला पुलिसकर्मियों को शामिल करने की आवश्यकता है क्योंकि सोशल मीडिया दुरुपयोग की ज्यादातर शिकार महिलाएं हैं।
- महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साइबर अपराध विंग (मुख्यालय) में एक हेल्प लाइन के माध्यम से मनोसामाजिक विशेषज्ञों द्वारा महिला साइबर अपराध पीड़ितों को परामर्श सेवा प्रदान की जा सकती है।
- पीड़ित सहायता कार्यक्रमों को भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) के एक भाग के रूप में शामिल किया जा सकता है।
- साइबर ट्रोलिंग, साइबर बुलिंग आदि जैसे अपराधों से निपटने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम में विशिष्ट और केंद्रित कानूनों और कानूनी प्रावधानों को शामिल करने की आवश्यकता है।
- वैश्विक पहल 'सुरक्षित इंटरनेट दिवस' के समान डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने पर अभियानों की एक श्रृंखला आयोजित करने के लिए एक वर्ष में 'राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा दिवस' के लिए विशेष दिन समर्पित किया जा सकता है। राष्ट्रीय साइबर अपराध ऑनलाइन पोर्टल जैसे मौजूदा कानूनी प्रावधानों के बारे में राष्ट्रव्यापी प्रचार किया जाना चाहिए।
- विभिन्न हैशटैग Stopsufferingincyberspace#, StalkingOnlineisCrime#, TrollingOnlineisCrime# का उपयोग कर इन्हें सोशल मीडिया अभियान बनाकर इंटरनेट पर सक्रिय लोगों के बीच वायरल किया जा सकता है।

ii राज्य सरकार:

- प्रत्येक जिले में साइबर अपराध कक्ष द्वारा 'हेल्पलाइन' नंबरों के समान विशेष व्हाट्सएप नंबर दिए जाएं और नंबरों को महिला सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

- सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के बीच साइबर अपराध के बारे में जागरूकता पैदा करके कानूनी निहितार्थों की अज्ञानता को कम किया जाना चाहिए।
- जिला मुख्यालयों में स्थित साइबर कक्ष के पुलिस कर्मियों को संबंधित जिलों के कॉलेजों और उच्च शिक्षण संस्थानों में मौजूदा साइबर कानूनों और साइबर अपराध पीड़ितों के लिए कानूनी उपायों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने चाहिएं।

iii. स्थानीय स्वशासन:

- स्थानीय जिला प्रशासन द्वारा साइबर कक्ष के पुलिस कर्मियों को संबंधित जिलों के कॉलेजों और उच्च शिक्षण संस्थानों के पंजीकृत और निवारण किए गए साइबर अपराधों की स्थिति पर एक मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने और अपने संबंधित जिलों के स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता अभियान के लिए साइबर अपराध कक्ष की गतिविधियों की निगरानी करने का निर्देश दिया जाए।
- कॉलेज के छात्रों को 'साइबर सुरक्षा चैंपियन' के रूप में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है और स्किट, मीम्स, नुक्कड़ नाटक आयोजित करके, सार्वजनिक सेवा विज्ञापन (पीएसए) का निर्माण करके, पोस्टर और पैम्फलेट वितरित करके छात्रों और स्थानीय समुदाय के बीच जागरूकता पैदा की जा सकती है।
- सभी ग्राम प्रशासनिक अधिकारी (वीएओ) पीड़ित व्यक्तियों को कानूनी उपचार प्राप्त करने में मार्गदर्शन करने के लिए अपने कार्यालयों में एक 'सहायता डेस्क' स्थापित कर सकते हैं। सभी गांवों में स्थित ई-सेवा केंद्र लोगों को राष्ट्रीय साइबर अपराध ऑनलाइन पोर्टल में अपनी शिकायतें दर्ज कराने की सुविधा के लिए एक अलग कंप्यूटर समर्पित करेंगे।

6.7.5 मदुरै इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, तमिलनाडु द्वारा 'महिलाओं के मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरूकता और व्यवहार: तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों के विशेष संदर्भ में एक तुलनात्मक, हस्तक्षेप अध्ययन' पर शोध अध्ययन

I किशोरावस्था काल

किशोरियों की श्रेणी से संबंधित उत्तरदाताओं के बीच मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरूकता और प्रथाओं में सुधार के लिए निम्नलिखित सुझाव प्रस्तावित हैं।

- **व्यक्ति की भूमिका:** एकीकृत बाल विकास योजना (ICDS) द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेकर किशोर मासिक धर्म चक्र को समझ सकते हैं; उन्हें एकीकृत बाल विकास योजना (ICDS) के किशोर गर्ल्स क्लब के सदस्य के रूप में शामिल करें; वे अपनी मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं को दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ साझा कर सकती हैं; किशोर मोबाइल ऐप्स के माध्यम से मासिक धर्म पर नज़र रखने की आदत को बनाए रख सकते हैं, उपलब्ध संसाधनों के साथ स्वच्छता अभ्यास बनाए रखें, विश्वास आधारित प्रतिबंधों के आधार पर मिथकों और वास्तविकता के पीछे के कारण को समझें; मासिक धर्म के दौरान स्वस्थ भोजन की आदत विकसित करें।
- **परिवार के सदस्यों और माता-पिता की भूमिका:** परिवार के सदस्य अपने घर में शौचालय बनाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के प्रावधान का लाभ उठाने के लिए पहल

कर सकते हैं; माता-पिता विशेष रूप से मां मासिक धर्म के बारे में उन्हें शिक्षित कर सकती हैं और अपने अनुभव साझा कर सकती हैं, उन्हें नियमित मासिक धर्म चक्र के लिए मार्गदर्शन कर सकती हैं। मासिक धर्म के दौरान होने वाले परिवर्तनों को समझाने के लिए माता-पिता को उनका मार्गदर्शन करना चाहिए और परिवर्तनों से उबरने में उनकी मदद करनी चाहिए; माता-पिता को यह समझना चाहिए कि सामान्य मासिक धर्म को स्थगित करने की आदत किशोरियों के लिए स्वास्थ्य समस्या का कारण बनती है, मासिक धर्म के दौरान किशोरियों को अधिक पारिवारिक सहायता दी जाएं।

- **एकीकृत बाल विकास सेवा (ICDS) की भूमिका:** संचालन के लक्ष्य क्षेत्र में एकीकृत बाल विकास सेवा (ICDS) किशोरियो के विकास का निगरानी डेटा बनाए रख सकता है, एकीकृत बाल विकास सेवा (ICDS) और स्कूलों के माध्यम से मासिक धर्म, मासिक धर्म चक्र के बारे में जागरूकता पैदा करें; मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं - कारण, परिणाम, लक्षण और निवारक उपायों के बारे में जागरूकता पैदा करें, एकीकृत बाल विकास सेवा (ICDS) द्वारा दिए गए सैनिटरी नैपकिन की गुणवत्ता में सुधार, एकीकृत बाल विकास सेवा (ICDS) किशोरियों के मासिक धर्म स्वास्थ्य डेटा को इकट्ठा कर सकता है जिसमें किशोरियो के मासिक धर्म स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं को समझने के लिए मासिक धर्म की उम्र, मासिक धर्म चक्र की अवधि, मासिक धर्म का पैटर्न शामिल है, माताओं और किशोरियो के लिए समुदाय आधारित स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम किशोर लड़कियों की जागरूकता के स्तर में सुधार कर सकते हैं।
- **शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका:** शैक्षणिक संस्थानों को चाहिए कि यौन शिक्षा के बारे में ज्ञान और जागरूकता प्रदान करने के लिए निम्न बातों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करें। शैक्षणिक संस्थान के बुनियादी ढांचे, सुरक्षित पेयजल और स्वच्छता सुविधाओं में सुधार करें; सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन और इंसिनिरेटर(भस्मक) का उचित रखरखाव बनाए रखें; छात्रों को मासिक धर्म चक्र, मासिक धर्म स्वास्थ्य समस्याओं और व्यावहारिक-स्वच्छता के बारे में जागरूक करें; छात्रों को मासिक धर्म स्वास्थ्य और प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में शिक्षित करें; स्कूलों में छात्रों को मासिक धर्म स्वास्थ्य और प्रजनन स्वास्थ्य और महिला स्वास्थ्य में इसके महत्व के बारे में सिखाने के लिए एक साप्ताहिक विशेष कक्षा हो सकती है। सरकारी विद्यालयों में स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय में पढ़ने वाली किशोरियों को यौन शिक्षा प्रदान करने के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार किये जाने चाहिएं; मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन को एक विषय के रूप में जोड़ा जाना चाहिए; मासिक धर्म उत्पादों के निपटान, अवधि उत्पादों के प्रकार जैसे विभिन्न पहलुओं पर किशोर लड़कियों के बीच व्यावहारिक कक्षाएं आयोजित करनी चाहिएँ। बहुत से किशोरियों को मासिक धर्म कप के उपयोग की प्रक्रिया के बारे में जानकारी नहीं हैं। सरकार को प्रत्येक स्कूल और कॉलेजों में मासिक धर्म कप और टैम्पोन के उपयोग के बारे में डेमो क्लास प्रदान करनी चाहिए। के विद्यालय में स्वास्थ्यजनक परिवेश बनाकर रखा जाए।
- **गैर सरकारी संगठनों की भूमिका:** गैर सरकारी संगठन बेहतर आवास सुविधा के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे उपलब्ध सरकारी कार्यक्रमों के बारे में लोगों को जागरूकता प्रदान कर आवास की कमी जैसे स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों की समस्या का समाधान कर सकते हैं; महिलाओं को उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार के

कारण होने वाले स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) के माध्यम से परिवार की महिलाओं को स्वरोजगार-प्रशिक्षण प्रदान करें; गैर सरकारी संगठन लोक मीडिया के उपयोग के माध्यम से व्यवहार में स्वच्छता के विषय में और सफाई से न रहने पर सामने आने वाली समस्याओं के विषय में जानकारी दें; किशोरों को विभिन्न प्रकार के मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (MHM), इसके गुण और दोष आदि के बारे में जागरूक करें, इस प्रकार उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (MHM) से परिचित कराया जा सकता है; किशोर लड़कियों के माता-पिता को विश्वास आधारित प्रतिबंधों के पीछे के कारणों के बारे में शिक्षित करें; किशोरों को पुन: प्रयोज्य सैनिटरी पैड/प्राकृतिक सैनिटरी नैपकिन प्रदान करें और उन्हें इसका उपयोग करने के तरीके का मार्गदर्शन करें, मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरूकता, समस्याओं, आदतों और व्यवहार से संबंधित गैर सरकारी संगठनों द्वारा छोटे शोध अध्ययन किए जा सकते हैं।

- **सरकार की भूमिका:** राज्य के सभी हिस्सों में कल्याण कार्यक्रमों का विस्तार करना, विशेष रूप से स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों में सुधार के लिए कल्याण कार्यक्रम, निगम जल की स्वच्छता सुनिश्चित करें। पानी की गुणवत्ता की समय-समय पर निगरानी, परीक्षण एक अधिदेश है, सरकारी तंत्र को गाँव में सामुदायिक शौचालयों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करने की आवश्यकता है, सरकार किशोरियों के लिए एकीकृत बाल विकास सेवा (ICDS) के माध्यम से मुफ्त सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराने के लिए तमिलनाडु सरकार के पुदु युगम कार्यक्रम जैसे विशेष कार्यक्रम विकसित कर सकती है; आम स्थानों पर मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (MHM) की वेंडिंग मशीन के लिए कियोस्क की स्थापना और इसका उचित रखरखाव समय की मांग है।

II. युवा वयस्कता अवधि

युवा वयस्कता अवधि श्रेणी से संबंधित उत्तरदाताओं के बीच मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरूकता और व्यवहारों में सुधार के लिए निम्नलिखित सुझाव प्रस्तावित हैं-

- **व्यक्तियों की भूमिका:** युवा वयस्कता अवधि की महिलाएं किशोर लड़कियों को मासिक धर्म स्वच्छता व्यवहारों के बारे में शिक्षित कर सकती हैं। मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (MHM) के उचित उपयोग और इसके निपटान के तरीकों, मासिक धर्म स्वास्थ्य समस्याओं और इनका सामना करने की रणनीतियों आदि जैसे विषयों पर दिशानिर्देश दिए जा सकते हैं; उन्हें विशेष रूप से अपनी गर्भावस्था अवधि और स्तनपान चरण के दौरान एकीकृत बाल विकास सेवा (ICDS), प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा केन्द्र (PHC) आदि के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सेवाओं का उपयोग करने की आवश्यकता है। महिलाओं को वार्षिक जाँच की आदत विकसित करने की आवश्यकता है और जो महिलाएं 30 वर्ष से अधिक उम्र की हैं उन्हें पैप स्मीयर परीक्षण और मैमोग्राफी परीक्षण अवश्य कराना चाहिए, प्रत्येक महिला को अपनी प्रजनन प्रणाली के बारे में जानना चाहिए और उसकी कार्यप्रणाली और गतिविधियों के बारे में जागरूक होना चाहिए। इससे महिलाओं को समस्याओं का विश्लेषण करने और प्रजनन स्वास्थ्य के संबंध में अपनी आदत बदलने में मदद मिलेगी।
- **गैर सरकारी संगठनों की भूमिका:** गैर सरकारी संगठन (NGO) भी मासिक धर्म क्लब बनाने में लोगों की मदद कर सकते हैं। मासिक धर्म से संबंधित समस्याओं और चुनौतियों को साझा करने में झिझक और असुरक्षाओं से बचने के लिए मासिक धर्म

क्लब के सदस्य हर महीने खुली चर्चा के लिए मिल सकते हैं; ऑनलाइन वेबिनार के माध्यम से जागरूकता पैदा करना, रजोनिवृत्ति और लक्षणों के प्रति तैयारी कैसे करें, इसके बारे में पैम्फलेट और अन्य सूचना,शिक्षा और संचार(IEC) सामग्री वितरित करना; निःशुल्क चिकित्सा शिविर, विशेषकर महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित किए जा सकते हैं। इससे मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं, यदि कोई हो उसका पता लगाने और सावधानी बरतने में मदद मिलेगी, स्वैच्छिक संगठन माताओं को शिक्षित कर सकता है और उन्हें अपनी बेटी को स्वच्छ मासिक धर्म तरीकों के बारे में शिक्षा देने, उसे पर्याप्त पोषण प्रदान करने और घरेलू बजट में मासिक धर्म सहायता को प्राथमिकता देने आदि के लिए तैयार करने; स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों के सहयोग से हर गांव में युवा वयस्क आयु वर्ग के लिए EKTA, तमिलनाडु महिला विकास ट्रस्ट जैसे समुदाय आधारित संगठनों द्वारा रजोनिवृत्ति पर जागरूकता आयोजित करने की आवश्यकता है; गैर सरकारी संगठन सैनिटरी नैपकिन तैयार करने सहित स्व-रोज़गार कार्यक्रमों के लिए महिलाओं के छोटे समूह बना सकते हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) और आंगनबाड़ियों के सहयोग से संचालन क्षेत्र की महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन बेचे जा सकता है।

- **सरकार की भूमिका और नीतिगत निहितार्थ:** सरकार को मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (MHM) उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करनी है। दृश्य, प्रिंट और सोशल मीडिया के माध्यम से, मासिक धर्म कप, टैम्पोन आदि जैसे अन्य मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (MHM) के लाभों को पेश करने के लिए और अधिक प्रयास किए जा सकते हैं; मासिक धर्म और प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं और जरूरतों से निपटने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (PHC), आंगनबाड़ियों, महिला स्वास्थ्य केंद्रों, स्वैच्छिक संगठनों, समुदाय आधारित संगठनों के संयुक्त प्रयास की आवश्यकता है; सरकार को सभी महिलाओं के लिए प्रजनन स्वास्थ्य बीमा प्रदान करके युवा वयस्कता की निवारक देखभाल को बढ़ाना होगा। महिलाओं में अन्य प्रजनन रोगों की संभावना अधिक होती है, इसलिए स्वास्थ्य और स्वच्छता सेवाओं को प्रजनन स्वास्थ्य बीमा में शामिल किया जाना चाहिए; सरकार को मासिक धर्म स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में पेशेवर रूप से प्रशिक्षित सामाजिक कार्यकर्ताओं को नियुक्त करना होगा; प्रारंभिक चरण में ही मासिक धर्म संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार को बढ़ावा देना; ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सभी महिलाओं को सैनिटरी उत्पादों का मुफ्त वितरण सुनिश्चित करें, विशेष रूप से सैनिटरी बैंक को सामान्य स्थानों पर स्थापित करें और इसका उचित रखरखाव सुनिश्चित करें।

III उत्तर वयस्कता अवधि

उत्तर वयस्कता अवधि श्रेणी के उत्तरदाताओं के बीच मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरूकता और प्रथाओं में सुधार के लिए निम्नलिखित सुझाव प्रस्तावित हैं-

- **व्यक्तियों की भूमिका:** बेहतर प्रजनन स्वास्थ्य, विशेषकर मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए जीवन के शुरुआती चरणों में प्रजनन स्वास्थ्य और पोषण संबंधी स्थिति के बारे में जानने की पहल करें; मासिक धर्म के दौरान उचित आहार-विहार का पालन करने की पहल करें; मासिक धर्म संबंधी कार्यक्रमों में भाग लें; मासिक धर्म की समस्या के बारे में बिना झिझके बोलें; स्वस्थ मासिक धर्म के लिए बच्चे

को शिक्षित करने और परिवार में मासिक धर्म संबंधी समस्याओं के बारे में बात करने के लिए आरामदायक माहौल बनाने की पहल करें।

- **सरकार की भूमिका:** वयस्क साक्षरता कार्यक्रम को सभी गांवों तक बढ़ाया जा सकता है। इससे उन लोगों के ज्ञान और समझने की क्षमता को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी जो निरक्षर हैं; प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों(PHC) और आंगनवाड़ियों के माध्यम से अनियमित मासिक धर्म के कारण के बारे में जागरूकता प्रदान करने, अनियमित मासिक धर्म, रजोनिवृत्ति चरण आदि का प्रबंधन करने के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार करने की आवश्यकता है; उत्तर वयस्कता में उचित मासिक धर्म स्वास्थ्य जाँच के लिए एक कल्याणकारी नीति तैयार करें; स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के आयुष कार्यक्रम के माध्यम से प्रजनन और मासिक धर्म स्वास्थ्य पर जोर दें; ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी मलिन बस्तियों के लोगों की पोषण संबंधी समस्याओं को पूरा करने के लिए मुफ्त भोजन किट कार्यक्रम शुरू किए जा सकते हैं; सभी महिलाओं के लिए एकीकृत बाल विकास सेवा (ICDS), के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण मासिक धर्म स्वच्छता सामग्री और स्वास्थ्य मिश्रण प्रदान करना; प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों(PHC) और मोबाइल क्लिनिक इकाईयों के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पोषण संबंधी स्थिति, शुगर और रक्तचाप जैसी सामान्य जाँच करना; मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार के लिए मासिक धर्म स्वच्छता सामग्री के प्रकार तक आसान पहुंच के लिए पहल करें; विभिन्न प्रकार की मासिक धर्म स्वच्छता सामग्री पर प्रिंट, विज़ुअल और सोशल मीडिया के माध्यम से विज्ञापन प्रसारित करें।
- **गैर सरकारी संगठनों की भूमिका:** रजोनिवृत्ति के चरणों, विशेष रूप से शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और यौन परिवर्तनों के बारे में जागरूकता पैदा करना; पुन: प्रयोज्य नैपकिन के उत्पादन में महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करें। स्व-रोज़गार या सूक्ष्म उद्यमिता प्रयास के रूप में, इससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति में भी सुधार करने में मदद मिलेगी।

6.7.6 पांडिचेरी विश्वविद्यालय द्वारा 'समावेश को रोकना: ग्रामीण तमिलनाडु की कन्या भ्रूण-हत्या बेल्ट में महिला सशक्तिकरण का मूल्यांकन' पर शोध अध्ययन

- **ग्रामीण तमिलनाडु में कन्या भ्रूण हत्या:** इस प्रथा के बारे में शादी के बाद महिलाओं के बीच जागरूकता की सीमा का पता लगाने के लिए कन्या भ्रूण हत्या की व्यापकता एकत्र की गई थी। कन्या भ्रूण हत्या की व्यापकता के दो महत्वपूर्ण पहलू यानी शादी से पहले महिलाओं की जागरूकता, शादी के बाद कन्या भ्रूण हत्या के बारे में उनकी जागरूकता से कम है। यह खोज लड़कियों के लिए उनके विवाहित समकक्षों के मुकाबले जागरूकता हासिल करने में लिंग बाधाओं के संचालन को दोहराती है; महिलाओं का प्रवासन कन्या भ्रूण हत्या करने में उनकी संलिप्तता की सीमा निर्धारित करता है। अन्य जिलों से पलायन करने वाली महिलाओं की तुलना में गांव के भीतर विवाहित महिलाएं काफी हद तक कन्या भ्रूण हत्या प्रतिबद्ध होने का दावा करती हैं। इस निष्कर्ष के आधार पर, यह अनुमान लगाया जा सकता है कि प्रवासन के बावजूद कन्या भ्रूण हत्या बेल्ट में महिलाएं गर्भपात के लिए अतिसंवेदनशील हैं; कन्या भ्रूण हत्या की घटनाएं मुख्य रूप से उन महिलाओं के मामले में होती हैं जिनकी शादी अठारह वर्ष से पहले हो जाती है। तदनुसार, यह निष्कर्ष इस धारणा को मान्य करता है कि कन्या भ्रूण हत्या के प्रसार में बालिका विवाह का काफी हद तक योगदान है। ग्रामीण तमिलनाडु में कन्या भ्रूण हत्या की

घटनाओं में योगदान देने वाले प्रमुख कारकों में बालिका विवाह और किशोर गर्भावस्था को पाया गया है; इस परियोजना के निष्कर्षों ने ज्ञात और रिपोर्ट की तुलना में समय की अवधि में कन्या भ्रूण हत्या बेल्ट में कन्या का गर्भपात के अभ्यास में निरंतरता स्थापित की; गरीबी गर्भपात में लिप्त होने का प्रमुख कारण है।

- **ग्रामीण तमिलनाडु के कन्या भ्रूण-हत्या क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण:** निष्कर्ष दर्शाते हैं कि पंचायत राज में महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में कम है। इन बैठकों से महिलाओं का इस तरह अलगाव इन बैठकों में लैंगिक प्रतिनिधित्व पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसलिए अधिकांश महिलाओं को पंचायत बैठकों में भाग लेने के साथ-साथ बार-बार उपस्थित होने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। सर्वेक्षण के आंकड़ों से प्राप्त साक्ष्य आधार, बैंक खाते और परिवार कार्ड के उपयोग के साथ सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता और बैंक ऋण प्राप्त करने के लिए कानूनी व्यक्ति के रूप में महिलाओं की तैयारी के बारे में बताते हैं। इन निष्कर्षों से यह स्पष्ट हो जाता है कि स्वास्थ्य और चिकित्सा देखभाल के बारे में निर्णय लेते समय महिलाओं की स्वतंत्रता में बदलाव होता है जिसका गर्भावस्था, प्रसव के मामले में निदान उपचार अस्पताल में भर्ती होने के साथ-साथ कन्या भ्रूण-हत्या और कन्या भ्रूण-हत्या बेल्ट के अभ्यास के संबंध में अधिक प्रभाव पड़ता है। इसके विपरीत, अधिकांश महिलाएं अपने पति के परामर्श से ही अपने बारे में निर्णय लेती हैं। इससे पता चलता है कि कन्या भ्रूण-हत्या बेल्ट में महिलाएं काफी हद तक अपने बारे में निर्णय लेने में कम स्वतंत्र हैं।
- **तमिलनाडु में बेटी बचाओ का कार्यान्वयन:** मौखिक प्रचार को छोड़कर, मीडिया के किसी भी स्रोत ने जिलों में महिलाओं के बीच जागरूकता पैदा करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन नहीं किया है, क्योंकि महिलाओं द्वारा संचार के अन्य तरीकों के प्रभाव और उपयोग के संदर्भ में काफी भिन्नताएं देखी जा सकती हैं। जानिए इस योजना के बारे में- यह खोज महिलाओं के लिए जनसंचार के कुछ माध्यमों जैसे मोबाइल, इंटरनेट, समाचार पत्र आदि तक पहुंच की कमी पर भी प्रकाश डालती है। दरअसल, जब इस योजना के बारे में जानकारी देने के लिए लिखित संचार का उपयोग किया जाता है तो निरक्षरता का प्रसार सूचना के प्रसार में एक बड़ी बाधा है। सबसे बढ़कर, इस क्षेत्र की महिलाओं को गैर-हिंदी क्षेत्र में होने वाली भाषाई बाधा से चुनौती मिलती है, जो मौखिक और लिखित संचार के माध्यम के रूप में तमिल पर बहुत अधिक निर्भर रहती हैं; उपरोक्त विश्लेषण से पता चलता है कि बेटी बचाओ योजना का प्रदर्शन काफी हद तक अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका के साथ-साथ मास मीडिया और सोशल मीडिया के उपयोग पर निर्भर है। विशेष रूप से पारंपरिक मानदंडों और सांस्कृतिक प्रतिबंधों से जुड़े FI बेल्ट में, लड़कियों की सुरक्षा के विचार के प्रचार-प्रसार में नई चुनौतियाँ हैं। बेटी बचाओ योजना ने इस योजना के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण प्रगति की है। चूँकि ये रणनीतियाँ ग्रामीण महिलाओं के लिए उच्च संतुष्टि वाली पाई गई हैं, इसलिए योजना के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ये रणनीतियाँ इस योजना की सफलता के लिए काफी व्यवहार्य हैं।

6.7.7 पी एस जी आर कृष्णम्मल कॉलेज फॉर विमेन, तमिलनाडु द्वारा 'संगठित क्षेत्र में महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले भावनात्मक दुर्व्यवहार के मुद्दे और चुनौतियाँ ' पर शोध अध्ययन

- सरकार को संगठनों में पॉश (POSH) समिति के प्रभावी कामकाज को सुनिश्चित करना चाहिए और नियमित अंतराल पर इसकी निगरानी करनी चाहिए।
- लैंगिक समानता उपायों की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के अलावा, संगठनों को कर्मचारियों के व्यवहारों के बारे में बार-बार शिक्षित और सूचित करने के लिए कदम उठाने में

और भी अधिक सक्रिय होना होगा, जिन्हें कार्यस्थल में सहन नहीं किया जाएगा और जिन्हें न केवल कार्यस्थल पर प्रचारित किया जाना चाहिए। मासिक या वार्षिक प्रशिक्षण चक्रों के दौरान बल्कि पूरे वर्ष सभी कर्मचारियों और छोटी टीम की बैठकों, आंतरिक कंपनी संचार आदि में प्रचारित किया जाना चाहिए।

- सरकारी संगठनों में विशेष प्रशिक्षित बाहरी व्यक्तियों या शिक्षाविदों के माध्यम से लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने में सहायता कर सकती है और स्थानीय जिला और राज्य शासी निकायों द्वारा इसकी निगरानी की जा सकती है।
- किसी भी संगठन में कर्मचारियों को हिंसा के अपने अनुभवों को संबोधित करने के लिए बारी-बारी से आने का अवसर प्रदान करने की सिफारिश की जाती है और यदि आवश्यक हो तो संगठनों के पास प्रदर्शन के बजाय व्यवहार के आधार पर कर्मचारियों को अन्य भूमिकाओं में स्थानांतरित करने के लिए व्यापक दिशानिर्देश होने चाहिए।

6.7.8 राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गुजरात द्वारा 'गुजरात में महिला पुलिस कर्मियों की प्रजनन विकल्पों का एक अध्ययन' पर शोध

- पुलिस स्टेशन/यूनिट स्तर पर महिला पुलिसकर्मियों के लिए शौचालय/विश्राम कक्ष के रूप में मूल ढांचे में सुधार की आवश्यकता है। 'बंदोबस्त' और फील्ड ड्यूटी के दौरान महिला पुलिस कर्मियों के लिए पोर्टेबल शौचालय उपलब्ध कराने की आवश्यकता।
- विभाग द्वारा प्रदान किया जाने वाला मातृत्व अवकाश कई महिला पुलिसकर्मियों के लिए गर्भावस्था के दौरान और उसके बाद व्यापक रूप से फायदेमंद होता है। उनके कार्यस्थल पर फीडिंग रूम और क्रेच सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।
- प्रजनन विकल्पों को प्रतिबिंबित करने वाली विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों और नियमों पर जानकारी प्रसारित करने के लिए पुलिस विभागों द्वारा उचित प्रचार या विशेष प्रयासों की आवश्यकता है।
- लिंग-संवेदनशील कार्यस्थल विकसित करने की आवश्यकता है, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों को अपने वरिष्ठों और अन्य प्रभावशाली अधिकारियों के हस्तक्षेप के बिना स्वतंत्र रूप से काम करने की अनुमति हो। लिंग-संवेदीकरण कार्यशालाओं के माध्यम से कार्यस्थल पर लिंग-भेदभाव को दूर करने की आवश्यकता है।
- गर्भावस्था के दौरान कार्यस्थल पर नियमित चिकित्सा जाँच सेवा जैसी चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने की आवश्यकता है। माता-पिता और मातृत्व देखभाल के लिए स्वास्थ्य बीमा कवरेज को बढ़ावा देना चाहिए।
- महिला पुलिस कर्मियों की गर्भावस्था के दौरान एम्बुलेंस सेवा और आपातकालीन सहायता को बढ़ावा देना। ऑन-साइट या आस-पास स्तनपान सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। योग और ध्यान शिविरों या सत्रों के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं प्रदान करने की आवश्यकता है।
- कार्य-जीवन संतुलन पर प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल परामर्श चाहने वाली महिलाओं के खिलाफ कलंक और भेदभाव का मुकाबला करें।
- अध्ययन में पाया गया कि समय की कमी और छुट्टी की कमी के कारण महिला पुलिसकर्मियों को अपने काम और परिवार के बीच संतुलन बनाए रखने में समस्याओं का सामना करना पड़

रहा है। इसलिए उन्हें परामर्श प्रदान करने की आवश्यकता है जो उनके काम और परिवार को प्रबंधित करने में मदद करेगी।

- अध्ययन में पाया गया कि कई महिला पुलिसकर्मी, माता-पिता, पति और ससुराल वाले उनके लंबे समय तक काम करने और पुरुषों के साथ काम करने के कारण उनके पेशे से खुश नहीं थे। ये स्थितियाँ परिवार में दुःख का कारण बनती हैं। अत: उनके लिए समय-समय पर परामर्श सत्र की व्यवस्था करने की आवश्यकता है।

6.7.9 कलकत्ता विश्वविद्यालय द्वारा 'ए रेड डॉट एंड साइकल ऑफ़ बर्थ' : युवा वयस्कों के प्रजनन विकल्प' पर शोध अध्ययन

- क्षेत्र से प्राप्त साक्ष्यों से पता चलता है कि यदि आशा की सदस्याएँ दौरों के समय गर्भनिरोधक के बारे में चर्चा करती हैं तो आधुनिक गर्भ निरोधकों के उपयोग की संभावना में आश्चर्यजनक रूप से सुधार होता है, जो मौजूदा नीति ढांचे और हस्तक्षेप रणनीतियों की क्षमता को साबित करता है। हालाँकि, आशा की सदस्यों द्वारा दौरे के दौरान मुख्य रूप से बच्चों के टीकाकरण और मातृत्व लाभों के बारे में चर्चा की जाती है, जबकि वे शायद ही कभी गर्भनिरोधक, जन्म-अंतराल, नसबंदी और मासिक धर्म संबंधी समस्याओं के बारे में बात करती हैं। इसके अलावा, तस्करी के माध्यम से लाई गई तथा व्यावसायिक यौनकर्मी महिलाओं जैसी हाशिए पर रहने वाली (marginalized) महिलाओं का स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ या स्वास्थ्य सुविधाओं से (क्योंकि वे शायद ही इनका लाभ उठाती हैं) कोई संपर्क नहीं होता है। अधिकांशतः अपने घर से दूर रहने के कारण वे अपने स्वास्थ्य की देखभाल नहीं कर पाती हैं। सरकार (राज्य और पंचायत/नगर पालिकाओं) को तत्काल प्रभाव से इस पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि नीतिगत हस्तक्षेप में पूर्ण बहिष्कार इन महिलाओं को और भी अधिक असुरक्षित और हाशिए पर रखता है। कठिन भौगोलिक और पर्यावरणीय रूप से खतरनाक इलाकों में रहने वाली महिलाओं को भी इसी तरह के बहिष्कार का सामना करना पड़ता है।
- अध्ययन से पता चलता है कि एक बार जब युवा महिलाएं मासिक धर्म स्वास्थ्य योजना के संपर्क में आ जाती हैं, तो वे शादी के बाद भी बेहतर उत्पादों का उपयोग करना जारी रखती हैं, जो लड़कियों के बीच सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन का संकेत देता है। सरकार को सभी राज्यों में इस कार्यक्रम का दायरा बढ़ाने के लिए और कदम उठाने चाहिएं। सब्सिडी वाले सैनिटरी नैपकिन को लोकप्रिय बनाने के साथ-साथ क्षेत्र के लिए सबसे उपयुक्त और वैज्ञानिक निपटान विधि के लिए प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। प्रदूषण और पर्यावरणीय क्षरण को नियंत्रित करने के लिए जैव-निम्नीकरणीय नैपकिन और भस्मक के उत्पादन को अधिक प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। कर अवकाश और अन्य वित्तीय प्रोत्साहन अपेक्षित हैं।
- हस्तक्षेप का दूसरा संभावित क्षेत्र वयस्क शिक्षा कार्यक्रमों की तत्काल आवश्यकता है। तथ्य यह है कि युवा लड़कियों की शिक्षा उन्हें मासिक धर्म संबंधी बाध्यताओं से नहीं बचा सकती और वे मिथकों और बुजुर्ग सदस्यों (ज्यादातर मां या सास) के विचारों पर विश्वास करना जारी रखती हैं। इसके अतिरिक्त, किशोरों को जागरूकता सृजन, जीवन कौशल, यौन शिक्षा के साथ-साथ निरंतर मनोवैज्ञानिक परामर्श पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए।
- स्थानीय स्तर की प्रतिष्ठित लड़कियाँ जिन्होंने खुद को सुस्थित किया है, उन्हें लैंगिक समानता के लिए अभियान चलाने के लिए रोल मॉडल के रूप में चित्रित किया जा सकता है। हालाँकि, बेटों पर आर्थिक और वित्तीय निर्भरता से उत्पन्न बेटे की प्राथमिकता को केवल तभी कम किया जा सकता है जब महिलाओं को अधिक से अधिक श्रम शक्ति में शामिल किया जाए।

6.7.10 कश्मीर में घरेलू हिंसा पर शोध अध्ययन: महिलाओं के अधिकारों को लागू करने के लिए कानूनी ढांचा, कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित

- महिलाओं को संवैधानिक अधिकारों और महिला सशक्तिकरण के प्रावधानों के बारे में शिक्षित करना प्राथमिकता होनी चाहिए। निर्णय लेने में समानता और सशक्तिकरण के लिए समान शिक्षा, शिक्षा क्षेत्र में एक जोर देने वाला क्षेत्र हो सकता है।
- आत्मनिर्भरता के उद्देश्य को क्रियान्वित करने के लिए व्यावसायिक केन्द्रों एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों द्वारा महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा सकता है ताकि महिलाएँ कम उम्र में ही व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर लें।
- इसके साथ ही, घरेलू हिंसा से पीड़ित लोगों के लिए वयस्क शिक्षा के रूप में व्यावसायिक प्रशिक्षण पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। कानूनी प्रवर्तन एजेंसियाँ पीड़ित लोगों को व्यावसायिक वयस्क शिक्षा प्रदान करने वाले केंद्रों से जोड़ सकती हैं।
- घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के तहत अधिकार, कानूनी सहायता की उपलब्धता और सुरक्षा अधिकारियों, सेवा प्रदाताओं और अन्य एजेंसियों की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करना। एजेंसियों के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम और प्रशिक्षण आयोजित करना। 25 नवंबर, घरेलू हिंसा पर संवाद पैदा करने के लिए स्कूलों और सरकारी संस्थानों में महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जा सकता है।
- घरेलू घटनाओं से संबंधित रिपोर्ट (DIR) के पंजीकरण से लेकर मामलों के निपटान तक जिम्मेदारी और जवाबदेही की कमी के कारण होने वाले अंतराल को ठीक करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों और सेवा प्रदाताओं के बीच समन्वय और सहयोग आवश्यक है।
- अध्ययन में सहायता प्रणालियों और सुरक्षा प्रणालियों की उपलब्धता में अंतर पाया गया और दिन-प्रतिदिन के मामलों में चुनौतियों को दूर करने और एक सभ्य जीवन जीने का अनुरोध किया गया। सहायता प्रणाली को समग्र दृष्टिकोण के साथ विस्तारित करने की आवश्यकता है।
- कश्मीर में पीड़ितों के लिए नारी निकेतन केंद्र, वन स्टॉप सेंटर और अन्य आश्रय गृहों की स्थापना शुरू की जाए। आश्रय गृहों में रहने की अवधि को कम से कम 20 दिनों तक बढ़ाने की आवश्यकता है। एजेंसियों, सिविल सोसायटी और कानूनी सेवाओं के बीच समन्वय और उत्तरदायित्व- मोहल्ला समिति को लिंग-अनुकूल वातावरण के लिए एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में मान्यता देना अपरिहार्य माना जाता है ।

6.7.11 महिला सुरक्षा ऑडिट सर्वेक्षण

- आयोग ने टियर-II भारतीय शहरों में महिला सुरक्षा ऑडिट सर्वेक्षण की शुरूआत की जिसका लक्ष्य नमूना सर्वेक्षण तथा केंद्रिति समूह चर्चा(FGDs) के आधार पर शहरों में सार्वजनिक स्थलों तथा कार्य-स्थलों में महिलाओं द्वारा अनुभव की गई सुरक्षा की भावना की जानकारी लेना था। इस सर्वेक्षण के माध्यम से आयोग शहरों के भौतिक एवं सामाजिक-आर्थिक परिवेश में सहभागी दृष्टिकोण से अंतर की पहचान करना चाहता था ताकि महिलाओं के लिए सुरक्षित सार्वजनिक एवं कार्य-स्थलों को सुनिश्चित किया जाए जिससे महिलाएँ समाज में धमकी या अवांधित व्यवहार से निडर रहें।
- वर्ष 2022-23 के दौरान गाज़ियाबाद, फरीदाबाद, कोयंबतूर, जोधपुर, औरंगाबाद, ग्वालियर, रायपुर, रांची, मेरठ, वसई, विरार तथा आसनसोल राज्यों को सर्वेक्षण कार्य दिया गया। सर्वेक्षण अध्ययन के आंकड़ों का संकलन डिजिटल इंडिया कारपोरेशन-इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से रा.म.आ द्वारा विकसित एप्लिकेशन के द्वारा किया जाएगा।

*****

अध्याय -7

पूर्वोत्तर क्षेत्र में पहल

7.1 महिलाओं के लिए क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम:-

क) मणिपुर में महिला व्यापारियों का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम (जुलाई, 2022):-

मणिपुर की महिला उद्यमियों की ऊंची उड़ान और व्यवसाय के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए और उनकी क्षमता का प्रयोग करने और उन्हें अपने उत्पादों और सेवाओं की व्यापक पहुंच और अन्यों से तुलना के लिए सक्षम करने के उद्देश्य से मणिपुर राज्य महिला के सहयोग से 5 क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिला व्यापारियों को उन्नत उत्पादन और सामूहिक विपणन क्षमताओं के माध्यम से उनकी आजीविका को मजबूत करने के लिए संगठित किया गया था। इसमें उनके जीवन के सभी पहलुओं को शामिल किया गया ताकि उनके लिए अधिक उद्यमशीलता के अवसर पैदा किए जा सकें और उनकी आजीविका, सामाजिक सुरक्षा और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार हो सके।

कार्यक्रम का शीर्षक	माह (2022)	कुल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या	पूर्ण/पूर्ण किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या	लाभार्थियों की संख्या
मणिपुर में महिला व्यापारियों का क्षमता निर्माण - मणिपुर राज्य महिला आयोग का सहयोग।	जुलाई, 2022	5	इंफाल: 05.07.2022	100
			उखरुल : 15.07.2022	100
			निंगथौखोंग : 22.07.2022	100
			सेकमाई: 25.07.2022	100
			चंदेल : 11.08.2022	100

7.2 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत छात्रों की एक्सपोजर ट्रिप:-

क. नागालैंड के छात्रों का दौरा (6 से 10 जून, 2022):

आयोग ने 6 से 10 जून, 2022 तक नागालैंड के विभिन्न कॉलेजों में पढ़ने वाली दस लड़कियों की यात्रा प्रायोजित की और उनकी मेजबानी की। यात्रा का उद्देश्य उन्हें सरकारी संस्थानों/राष्ट्रीय आयोगों के कामकाज के साथ-साथ दिल्ली में सार्वजनिक हित और ऐतिहासिक महत्व के स्थानों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। छात्रों ने संसद भवन, प्रधानमंत्री संग्रहालय, विभिन्न राज्य भवनों, राष्ट्रीय आयोगों जैसे अल्पसंख्यक आयोग, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPRCR), नेशनल सेंटर फॉर सॉफ्टवेयर टेक्नॉलॉजी(NCST) और दिल्ली पुलिस के उत्तर पूर्व क्षेत्र के लिए विशेष पुलिस (SPUNER) का दौरा किया। उन्हें माननीय कानून एवं न्याय मंत्री, श्री किरेन रिजिजू से मिलने और बातचीत करने का भी अवसर मिला। पूरी यात्रा का मुख्य आकर्षण माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी बैठक थी जहां उन्होंने उत्तर पूर्व के लिए उनके दृष्टिकोण, नागालैंड में उनके अनुभवों और दैनिक जीवन में योग का महत्व सहित कई विषयों पर चर्चा की और माननीय प्रधान मंत्री के विचार जाने। संपूर्ण एक्सपोज़र यात्रा ने न केवल विभिन्न संस्कृतियों और दृष्टिकोणों के बारे में उनकी समझ को बढ़ाया, बल्कि उनके समग्र विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया, जिससे उनका आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता बढ़ी।

ख. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के छात्रों का दौरा (1 से 6 अगस्त, 2022)

आयोग ने 1 से 6 अगस्त, 2022 के दौरान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से दस लड़कियों (18 वर्ष और उससे अधिक) को आमंत्रित किया। एक्सपोज़र विजिट उनके समग्र विकास पर केंद्रित था– जिसमें आत्मविश्वास निर्माण से लेकर, उन्हें कैरियर के अवसरों का पता लगाने, उनके आत्मनिर्भर बनने और बदले में दूसरों के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा का स्रोत बनने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था।

7.3 सेमिनार एवं अनुसंधान प्रस्ताव (2022-23)

क. सेमिनार

2022-23 में सेमिनारों के आयोजन हेतु वित्तीय सहायता के लिए चयनित विश्वविद्यालयों/संगठनों की सूची:-

क्र.	विश्वविद्यालय/संगठन का नाम	विषय
1.	सिक्किम राज्य महिला आयोग	महिला पुलिस थाने/महिला थाने की भूमिका
2.	इमैनुएल कॉलेज, नागालैंड	दिव्यांग महिलाओं के अधिकार
3.	मॉडर्न कॉलेज, नागालैंड	खेल में महिलाएँ
4.	सेंट क्लैरेट कॉलेज, नागालैंड	महिला पुलिस स्टेशन/महिला थाने की भूमिका
5.	राजीव गांधी विश्वविद्यालय, अरुणाचल प्रदेश	खेल में महिलाएँ
6.	केके हांडिकि राज्य मुक्त विश्वविद्यालय, असम	महिलाओं को न्याय दिलाने में फास्ट ट्रैक अदालतों की भूमिका
7.	तिनसुकिया कॉमर्स कॉलेज, असम	महिलाओं को न्याय दिलाने में फास्ट ट्रैक अदालतों की भूमिका
8.	लिलोंग हैरोबी कॉलेज, मणिपुर खेल में महिलाएं	खेल में महिलाएँ
9.	मणिपुर राज्य आयोग	खेल में महिलाएँ

ख. अनुसंधान

अनुसंधान अध्ययन के लिए 2022-23 में वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए चयनित विश्वविद्यालयों की सूची:-

क्रमांक	विश्वविद्यालय/संगठन का नाम	विषय
1.	राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान सिलचर	असम अर्धसैनिक बलों में महिलाएं
2.	आईसीएफएआई विश्वविद्यालय त्रिपुरा	महिला पुलिस स्टेशन/महिला थाना (कार्य दक्षता और प्रभावशीलता)
3.	इमैनुएल कॉलेज, नागालैंड	महिला पुलिस स्टेशन/महिला थाना (कार्य दक्षता और प्रभावशीलता)
4.	विवेकानन्द केन्द्र संस्कृति संस्थान, असम	खेल में महिलाएँ
5.	शारीरिक शिक्षा विभाग, त्रिपुरा विश्वविद्यालय	खेल में महिलाएँ
6.	मॉडल क्रिश्चियन कॉलेज, नागालैंड	खेल में महिलाएँ

ग. 14 नवंबर, 2022 को अरुणाप्रदेश में "अरुणाचल प्रदेश में बहुविवाह के मुद्दे का समाधान" पर सेमिनार

राष्ट्रीय महिला आयोग ने अरुणाचल राज्य महिला आयोग के सहयोग से "अरुणाचल प्रदेश में बहुविवाह" पर एक सेमिनार का आयोजन किया, जहां श्री. ए. अशोली चलाई, संयुक्त सचिव,रा.म.आ ने सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया।

*****

अध्याय -8

महिला कल्याण एवं क्षमता निर्माण प्रकोष्ठ

8.1 राज्य महिला आयोगों के साथ बैठकें:

8.1.1 राज्य महिला आयोगों के पदाधिकारियों के लिए नेतृत्व विकास कार्यक्रम:

आयोग ने 21 से 23 अप्रैल 2022 तक वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, एमआईटी, पुणे में राज्य महिला आयोगों के पदाधिकारियों के लिए 3 दिवसीय नेतृत्व विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 17 राज्य महिला आयोगों के अध्यक्षों, सदस्यों और सदस्य सचिवों सहित कुल 58 पदाधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तकनीकी सत्रों में शामिल हैं:

क) नेतृत्व में महिलाएँ;

ख) पारंपरिक कार्यों से आगे बढ़ना;

ग) महिला नेताओं के लिए जीवन-कौशल (उच्चस्तरीय सोच कौशल जैसे रचनात्मक सोच, आलोचनात्मक सोच आदि)

घ) महिला नेताओं के लिए जीवन कौशल (सामाजिक कौशल जैसे अंतर-वैयक्तिक संबंध, निर्णय लेना, समस्या का निदान आदि)

ड) महिला नेताओं के लिए जीवन-कौशल (स्व-प्रबंधन कौशल जैसे तनाव प्रबंधन, भावनाओं का प्रबंधन, आदि)

च) महिला एवं शासन एक अवलोकन/समीक्षा

छ) पारिवारिक न्यायालय एवं न्यायिक प्रक्रिया

ज) नीतिगत और मीडिया रणनीतियाँ

8.1.2 राज्य महिला आयोगों के साथ दूसरी इंटरैक्टिव बैठक: (28 एवं 29 जुलाई, 2022): राष्ट्रीय महिला आयोग ने 28 से 29 जुलाई, 2022 तक विशाखापत्तनम, आंध्रप्रदेश में राज्य महिला आयोगों के साथ वित्तीय वर्ष 2022-23 की दूसरी इंटरैक्टिव बैठक आयोजित की। रा.म.आ की माननीय अध्यक्ष रेखा शर्मा की अध्यक्षता में सुश्री मीता राजीवलोचन, तत्कालीन सदस्य सचिव, रा.म.आ के साथ बैठक शुरू की गई। बैठक में आंध्र प्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मणिपुर,

नागालैंड, त्रिपुरा, असम, सिक्किम और पश्चिम-बंगाल राज्यों में कार्यरत 13(तेरह)राज्य महिला आयोगों के अध्यक्षों, सदस्यों और सदस्य सचिवों ने भाग लिया।

बैठक की कार्यसूची:

क) 2021-22 में रा.म.आ द्वारा स्वीकृत कार्यक्रमों के संबंध में हुए काम की प्रगति

- शिक्षा, आईटी और औद्योगिक क्षेत्र (मुख्य रूप से कपड़ा) में आंतरिक समिति के सदस्यों के लिए कार्यशाला;
- कानूनी जागरूकता कार्यक्रम;
- निःशुल्क कानूनी सहायता क्लिनिक की स्थापना;
- मानव तस्करी विरोधी इकाईयों और अन्य हितधारकों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन।

ख) महिलाएँ और सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 2030: लक्ष्य हासिल करने में मदद के लिए राज्य महिला आयोगों द्वारा की गई कार्रवाई;

ग) 14 टियर II भारतीय शहरों में महिला सुरक्षा संपरीक्षा आयोजित करने की पहल में रा.मआ की सहायता करना;

घ) सुगढ़ प्रणाली को साझा करना।

8.1.3 राज्य महिला आयोगों के साथ तीसरी इंटरैक्टिव बैठक: राष्ट्रीय महिला आयोग ने उत्तराखंड राज्य महिला आयोग के सहयोग से 22 दिसंबर, 2022 को देहरादून उत्तराखंड में राज्य महिला आयोगों के साथ वित्तीय वर्ष 2022-23 की तीसरी इंटरैक्टिव बैठक आयोजित की। बैठक में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, केरल, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, हरियाणा, त्रिपुरा, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में कार्यरत 11 राज्य महिला आयोग के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

8.1.4 राज्य महिला आयोगों के साथ चौथी इंटरैक्टिव बैठक: राष्ट्रीय महिला आयोग ने 13 मार्च, 2023 को राज्य महिला आयोगों के साथ वित्तीय वर्ष 2022-23 की चौथी इंटरैक्टिव बैठक और राज्य महिला आयोग, फरीदाबाद, हरियाणा के सहयोग से 14 मार्च, 2023 को राज्य महिला आयोगों के पदाधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता रा.म.आ की माननीय अध्यक्ष सुश्री रेखा शर्मा ने की। बैठक में हरियाणा, केरल, ओडिशा, उत्तराखंड, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मणिपुर और सिक्किम में कार्यरत 10 राज्य महिला आयोगों के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, सदस्यों और सदस्य सचिवों ने भाग लिया।

दो दिवसीय बैठक की कार्यसूची नीचे दी गई है:

i. तीसरी इंटरैक्टिव (परस्पर-संवादी) बैठक में रा.म.आ द्वारा सुझाए गए हित के क्षेत्रों पर राज्य महिला आयोगों द्वारा की गई कार्रवाई।

ii. शिकायतकर्ताओं के साथ व्यवहार करते समय लिंग संवेदनशील दृष्टिकोण की आवश्यकता पर सत्र; सुश्री मीनाक्षी गुप्ता, भारत की उपनियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सेवानिवृत्त) द्वारा।

iii. जी20 और उस के महिला नेतृत्व विकास के एजेंडे को समझने पर सत्र: राज्य महिला आयोगों को योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करना; श्रीमती कांता सिंह उप प्रतिनिधि संयुक्त राष्ट्र महिला द्वारा।

iv. कार्यस्थल में यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम,2013) पर सत्र एडवोकेट रितु कपूर द्वारा ।

v. नेतृत्व में महिलाओं पर सत्र: सकारात्मक परिवर्तन को प्रेरित करना; सुश्री स्वाति यादव,निदेशक ब्यूरो ग्रुप ऑफ स्कूल्स।

बैठक का एजेंडा शिकायत प्रबंधन के अलावा राष्ट्रीय महिला आयोग और राज्य महिला आयोगों द्वारा महिलाओं के समग्र विकास केलिए की गई प्रमुख पहलुओं पर चर्चा करना था। समूह ने संभावित कार्यक्रम पर भी चर्चा की जो हमारे समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्ग जैसे यौनकर्मियों और तीसरे लिंग के मुद्दों के समाधान के लिए उठाया गया है।

8.2 भारत में महिला सशक्तिकरण और उत्प्रेरक के रूप में नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) पर परामर्श: भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के सहयोग से राष्ट्रीय महिला आयोग ने 15 सितंबर, 22 को मुंबई में मानक औद्योगिक निकायों और प्रमुख कॉर्पोरेट फाउंडेशनों के प्रमुखों के साथ एक परामर्श बैठक आयोजित की। परामर्श का उद्देश्य महिलाओं के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) फंड के उपयोग को समझना और योजना बनाना था। बैठक की अध्यक्षता रा.म.आ की अध्यक्ष सुश्री रेखा शर्मा द्वारा की गई। बैठक में नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) पर गठित भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) की राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष श्री अशांक देसाई, रा.म.आ की तत्कालीन सदस्य सचिव सुश्री मीता राजीवलोचन और नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) पर गठित भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) की राष्ट्रीय समिति की सह-अध्यक्ष सुश्री रुमझुम भी प्रतिभागी रहीं। परामर्श में 32 कॉरपोरेट के भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) प्रमुखों ने भाग लिया।

8.3 W20 हितधारकों की बैठक: भारत की अध्यक्षता और सरकार के एजेंडे के साथ तालमेल बिठाने के लिए, महिला-नेतृत्व विकास- हमारे प्रधान मंत्री का दृष्टिकोण पर विशेष रूप से राष्ट्रीय महिला आयोग ने अपने यहां पहली W20 हितधारकों की बैठक का आयोजन मुख्यालय में 7 अक्टूबर 2022 को किया। बैठक की अध्यक्षता सुश्री रेखा शर्मा, अध्यक्ष रा.म.आ के साथ-साथ सुश्री मीता राजीवलोचन, तत्कालीन सदस्य सचिव रा.म.आ ने की और डॉ पाम राजपूत भारत के वर्तमान एचओडी तथा वर्किंग ग्रुप के अध्यक्ष द्वारा इंडोनेशिया W20 प्रेसीडेंसी में भेदभाव से मुक्ति पर किया गया। विविध समूह के प्रतिष्ठित वक्ताओं और विशेषज्ञों ने बैठक में भाग लिया, जो हाइब्रिड मोड में थी। अधिकांश प्रतिभागियों ने बड़ी संख्या में जमीनी स्तर की महिलाओं का प्रतिनिधित्व किया जिनके साथ उन्होंने सीधे काम किया।

बैठक मुख्य रूप से निम्नलिखित एजेंडा बिंदुओं पर केंद्रित थी:

क. W20 भारत- प्राथमिकता वाले मुद्दे;

ख. W20 को आगे बढ़ाने की रणनीतियाँ;

ग. हितधारकों को शामिल करना।

8.4 **5 वां पोषण माह उत्सव:** 'पोषण अभियान' के तहत पांचवें राष्ट्रीय पोषण माह (सितंबर 2022) के उत्सव को ध्यान में रखते हुए आयोग ने पूरे महीने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

क) तमिलनाडु, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, तेलंगाना, त्रिपुरा, असम, मणिपुर और मिजोरम में कार्यरत 10 राज्य महिला आयोगों के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए; जागरूकता कार्यक्रमों के विषय थे:

- महिला और स्वास्थ्य या महिलाओं का स्वास्थ्य और कल्याण - महिलाओं और लड़कियों के लिए समानता
- पोषण पंचायत- जमीनी स्तर पर कुपोषण से निपटने के लिए पंचायतों को शामिल करना
- जनजातीय क्षेत्रों में महिलाओं और बाल स्वास्थ्य के लिए पारंपरिक भोजन
- लैंगिक संवेदक जल प्रबंधन

ख) **गैर-कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली (NCWEB):** के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम: आयोग ने जागरूकता पैदा करने, पोषण की स्थिति को बढ़ावा देने और छात्रों की रचनात्मक प्रवृत्ति का पता लगाने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए। जागरूकता कार्यक्रमों के विषय था:

- माई प्लेट चैंपियन- पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता
- शैक्षिक प्रदर्शन काउंटर- आप जो खाते हैं वही आप हैं
- पौष्टिक आहार प्रतियोगिता- सांस्कृतिक खाद्य परंपराओं पर प्रकाश डालें

ग) **पौष्टिक आहार जागरूकता कार्यक्रम:** 30 सितंबर, 2022 को रा.म.आ के कर्मचारियों के लिए अलग से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

8.5 **मासिक धर्म स्वच्छता दिवस ड्राइव: 28.05.2022- 31.05.2022:** विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस हर साल 28 मई को मनाया जाता है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिलाओं के हितों की रक्षा, प्रचार को और आगे बढ़ाने के अपने आदर्श वाक्य के अनुसरण में दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन, सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ यूथ एंड मास (एसपीवाईएम) और मित्र मंच के सहयोग से दिल्ली भर में शेल्टर होम/झुग्गी बस्तियों में रहने वाली महिलाओं के बीच जागरूकता के लिए 28 मई, 2022 से 31 मई, 2022 के बीच 'मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरूकता शिविर' और 'नुक्कड़ नाटक' का आयोजन किया।

क) SPYM होमलेस शेल्टर द्वारा प्रबंधित 'मासिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर' 28 मई, 2022 को सुबह 8.30 बजे से बंगला साहिब, 31 मई, 2022 को सुबह 10 बजे मुनिरका और 31 मई, 2022 को सराय काले खान में स्थित 3 अलग-अलग आश्रय घरों में आयोजित किए गए थे। जागरूकता शिविरों में उपस्थित विशेषज्ञों ने महिलाओं के बीच मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया और महिलाओं के साथ एक-एक करके बातचीत की, मासिक धर्म से संबंधित कई मिथकों को तोड़ दिया और महिलाओं को किसी भी चीज़ से पहले अपने स्वास्थ्य और कल्याण की देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।

विचार-विमर्श के बाद प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किए गए जिसमें प्रतिभागियों ने उन सामान्य मुद्दों पर चर्चा की जिनका उन्हें अपनी अवधि के दौरान सामना करना पड़ा। सभी 03 स्थानों पर महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। रा.म.आ द्वारा तैयार एक प्रश्नावली भी प्रतिभागियों के बीच वितरित की गई ताकि प्रतिभागियों के मासिक धर्म/पीरियड्स के संबंध में बुनियादी ज्ञान का विश्लेषण किया जा सके।

ख) इसी प्रकार, 30 मई, 2022 को इन क्षेत्रों के निवासियों के लिए थिएटर ग्रुप- मित्र मंच के सहयोग से दिल्ली के भीतर 3 स्थानों, यानी न्यू संजय अमर कॉलोनी, कड़कड़डूमा गांव और त्रिलोकपुरी में नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए। महिला दर्शकों के लिए पैड वितरण भी किया गया।

ग) 'राज्य महिला आयोगों के सहयोग से मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरूकता शिविर': रा.म.आ ने मणिपुर, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और उत्तराखंड में 'मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरूकता शिविर' भी आयोजित किए।

8.6 महिलाओं के कमज़ोर-वर्ग के लिए क्षमता निर्माण और जागरूकता कार्यक्रम:

8.6.1 दूसरी पारी आंदोलन: गृहिणियों के लिए काम को बढ़ावा देने के लिए: गृहणियों के लिए कैरियर परामर्श सत्र: राष्ट्रीय महिला आयोग ने दूसरी पारी आंदोलन शुरू किया: 11 अप्रैल, 2022 को गृहणियों के लिए कैरियर परामर्श सत्र। आयोग ने केंद्र और राज्य विश्वविद्यालय से अपने क्षेत्र में 11 अप्रैल से 11 मई, 2022 तक रा.म.का. की वेबसाइट http://ncwapps.nic.in/eproposalV2/ पर आधे दिन का करियर काउंसलिंग बूथ कैंप आयोजित करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए। गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा कुल 19 प्रस्तावों को स्वीकार किया गया। प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिए. शिविरों के अंतर्गत लगभग 1000 महिलाओं को परामर्श प्रदान किया गया।

परामर्श सत्र लक्ष्य समूह के लिए उपलब्ध सर्वोत्तम रोजगार अवसरों की पहचान और आगे बढ़ने पर केंद्रित थे। लक्ष्य समूह ने संचार और पारस्परिक कौशल, पेशेवर कैरियर कौशल का बुनियादी परिचय भी सीखा, जो उन्हें बाजार में प्रवेश करने में मदद करेगा। प्रशिक्षण की पूरी लागत यानी विशेषज्ञों का पारिश्रमिक और विविध व्यय रा.म.आ द्वारा वहन किया गया था।

8.6.2 18.05.2022 को 'मीडिया कर्मियों के लिए क्षमता निर्माण और संवेदीकरण कार्यक्रम': राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिलाओं से संबंधित मुद्दों और मीडिया में महिलाओं के चित्रण पर ध्यान केंद्रित करने के प्रयास में मीडिया कर्मियों के लिए एक कार्यशाला 'मीडिया कर्मियों के लिए क्षमता निर्माण और संवेदीकरण कार्यक्रम' का आयोजन सुश्री रेखा शर्मा की अध्यक्षता में 18.05.2022 (बुधवार) को 09:30 से 14:30 बजे तक इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, मैक्स मुलर मार्ग, नई दिल्ली में किया।

श्री रजत शर्मा, इंडिया टीवी के अध्यक्ष और प्रधान संपादक की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में प्रख्यात वक्ता श्री समीर कुमार, प्रमुख प्रसार भारती समाचार सेवा एवं डिजिटल प्लेटफार्म, श्री आदित्य राज कौल, कार्यकारी संपादक टीवी 9 नेटवर्क, सुश्री निशा नारायणन, सीईओ और निदेशक रेड एफएम और मैजिक एफएम, सुश्री कविता देवी, संस्थापक खबर लहरिया और सुश्री वर्तिका नंदा, प्रमुख, पत्रकारिता विभाग, लेडी श्री राम कॉलेज भी उपस्थित थे।

कार्यशाला निम्नलिखित कार्यसूची बिंदुओं पर केंद्रित थी:

- मीडिया संचालन और सामग्री में मीडिया के लिए लिंग-संवेदनशील संकेतक;
- महिला मीडिया पेशेवरों के सामने आने वाली चुनौतियाँ;
- महिलाओं के सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका;

8.6.3 'यौनकर्मियों को गरिमा के साथ जीने के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ' पर परामर्श: आयोग ने 05अगस्त, 2022 को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक 'यौनकर्मियों को गरिमा के साथ जीने के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ' पर एक परामर्श का आयोजन आयोग के सम्मेलन कक्ष में किया। हितधारकों के साथ परामर्शी बैठक के पीछे मुख्य उद्देश्य यौनकर्मियों के सामने आने वाले मुद्दों को समझना और यौनकर्मियों के अधिकारों को मुख्यधारा में लाने के प्रयास के लिए सिफारिशें करना था। रा.म.आ की माननीय अध्यक्ष सुश्री रेखा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित परामर्श में 14 गैर सरकारी संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जो देश भर के यौनकर्मियों की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं।

8.6.4 "समावेशन प्रवर्धित" - भारत में ट्रांस महिलाओं की दुर्दशा को संबोधित करने के लिए एक आधे दिन का परामर्श: राष्ट्रीय महिला आयोग ने ट्रांस-महिला समुदाय के व्यक्तियों के साथ जुड़े कलंक को जन्म देने वाली गलत धारणाओं को संबोधित करते हुए आधे दिन के परामर्श का आयोजन किया। भारत और समाज में उनकी स्वीकृति और भागीदारी के संबंध में 07 सितंबर, 2022 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में सुश्री रेखा शर्मा, अध्यक्ष, रा.म.आ की अध्यक्षता में एक बातचीत शुरू की गई। यह हितधारकों और ट्रांस-महिला समुदाय के प्रतिनिधियों और देश भर से खुद को ट्रांस-महिलाओं के रूप में पहचानने वाले विशेष व्यक्तियों के सहयोग से संभव हुआ। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, एनएचआरसी, एनएएलएसए और डीएसएलए के अधिकारी; उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारी; ट्रांस-महिला व्यक्ति; गैर सरकारी संगठन; शिक्षाविद; और वरिष्ठ वकील इस अवसर पर उपस्थित थे।

8.6.5 मातृशक्ति: राष्ट्र और समाज के निर्माण में वृद्ध महिलाओं का योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम: अनुग्रह (एनजीओ) के सहयोग से आयोग ने मातृशक्ति: राष्ट्र और समाज के निर्माण में वृद्ध महिलाओं का योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 2022 थीम पर विशेष कार्यक्रम: 20 अक्टूबर, 2022 को स्वाभिमान परिसर, शाहदरा में आयोजित किया गया। वृद्ध महिलाओं का लचीलापन और योगदान। कार्यक्रम का उद्देश्य (i) अंतर-पीढ़ीगत बंधन और सम्मान के साथ उम्र बढ़ने को बढ़ावा देना और (ii) गृहिणी, देखभालकर्ता, पेशेवर कार्यकर्ता और युवा पीढ़ी के लिए प्राचीन ज्ञान और रीति-रिवाजों के ट्रांसमीटर के रूप में वृद्ध महिलाओं द्वारा किए गए योगदान को उजागर करना है।

8.6.6 'महिलाओं के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव का उन्मूलन - बुजुर्ग महिलाओं के जीवन पर ध्यान' पर परामर्श बैठक: राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिलाओं के जीवन पर ध्यान केंद्रित करते हुए "महिलाओं के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव का उन्मूलन" विषय पर 01 दिसंबर, 2022 को भारत में बुजुर्ग महिलाओं द्वारा नियमित आधार पर सामना किए जाने वाले मुद्दों और कठिनाइयों को संबोधित

करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीय अध्यक्ष सुश्री रेखा शर्मा की अध्यक्षता में आयोग के सम्मेलन कक्ष में एक सलाहकार बैठक का आयोजन किया।

बैठक का प्राथमिक उद्देश्य वृद्धावस्था में महिलाओं की ऐसी खराब स्थिति के कारणों की गहराई से जाँच करना और समस्या के मूल कारण पर विचार-विमर्श करना था ताकि इसके लिए कुछ शक्तिशाली, व्यावहारिक और अनुशंसित समाधान तलाशे जा सकें। यह सामाजिक कार्यकर्ताओं, गैर सरकारी संगठनों, पुलिस अधिकारियों, सरकारी अधिकारियों, कानूनी पृष्ठभूमि के व्यक्तियों, डॉक्टरों, शिक्षाविदों और बुजुर्ग महिलाओं सहित जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले विभिन्न हितधारकों के सहयोग से संभव हुआ।

8.7 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए रा.म.आ द्वारा की गई गतिविधि: राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता और महिलाओं के खिलाफ हिंसा और दुर्व्यवहार के मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रॉयल एनफील्ड (आयशर मोटर्स लिमिटेड) के सहयोग से एक जागरूकता अभियान चलाया। इस पहल के तहत, 18 मार्च 2023 को दिल्ली, चंडीगढ़, पुणे और बैंगलोर के चयनित स्थानों पर महिला सुरक्षा जागरूकता यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में महिला राइडर्स, राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य और सभी चयनित शहरों के पुलिस कर्मी शामिल हुए, जिसके बाद लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर एक नियंत्रित इंटरैक्टिव सत्र हुआ। अपनी मोटर साइकिलों पर स्टिकर और झंडों के साथ सवारों का काफिला अपने रास्ते में इस मुद्दे के प्रति अपना समर्थन दिखाने और जागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर, तख्तियां और स्टिकर लेकर चला।

*****

अध्याय -9

नई पहल प्रकोष्ठ

देश में महिलाओं की उभरती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय महिला आयोग विभिन्न रूप से महिलाओं की जरूरतों को पहचानने और सशक्त बनाने के लिए कई प्रकार के नए प्रयास कर अपना दायरा बढ़ा रहा है। आयोग ने सभी क्षेत्रों में महिलाओं का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक-आर्थिक विकास में उनकी भागीदारी सहित महिला विकास के सभी पहलुओं से महिलाओं को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए विभिन्न नए कार्यक्रम/मों प्रयासों के लिए नई पहल प्रकोष्ठ की स्थापना की है। वर्ष 2022-23 के दौरान नई पहल प्रकोष्ठ द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों का विवरण इस प्रकार है:-

9.1 "शी इज़ ए चेंजमेकर" - राजनीति में महिलाओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रमः

मजबूत, जीवंत लोकतंत्र के निर्माण और उसे बनाए रखने के लिए सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की पूर्ण और न्यायसंगत भागीदारी आवश्यक है, यह ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग ने अपने कार्यक्रम "शी इज़ ए चेंजमेकर"के तहत विभिन्न स्तरों पर राजनीति में महिलाओं के लिए अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों के साथ सहयोग किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी स्तरों पर निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों और सक्रिय महिला राजनेताओं के नेतृत्व कौशल में सुधार करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को चलाने के पीछे मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक नीति, लिंग उत्तरदायी शासन/मुख्यधारा, नेतृत्व और संचार कौशल को प्रभावित करने पर उनके ज्ञान और समझ को बढ़ाने के लिए निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की क्षमताओं को मजबूत करना है। 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से आयोजित किए जा रहे हैं।

वित्तीय वर्ष 2022-2023 के दौरान कुल 57 विभिन्न प्रशिक्षण बैच आयोजित किए गए। जिनमें से 54 प्रशिक्षण बैच, राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थानों के सहयोग से, पंचायती राज संस्थान (पीआरआई), शहरी स्थानीय निकायों की महिला प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के लिए आयोजित किए गए थे। असम, त्रिपुरा, केरल, उत्तराखंड, तेलंगाना, मेघालय, तमिलनाडु, मणिपुर, मध्य प्रदेश, झारखंड, जम्मू और कश्मीर और महाराष्ट्र राज्यों की कुल 1755 महिला नेताओं को प्रशिक्षित किया। तीन प्रशिक्षण बैच विशेष रूप से लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी के सहयोग से विभिन्न राज्यों की विधान सभा तथा विधान परिषद की महिला विधायकों के लिए डिजाइन और संचालित किए गए थे। ये प्रशिक्षण बैच 22 से 24 जून 2022 तक धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में, 21 से 23 सितंबर 2022 तक उदयपुर, राजस्थान में और 04 से 06 फरवरी 2023 तक विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में आयोजित किए गए, जिसमें 16 अलग-अलग राज्यों से 80 महिला विधायकों को

प्रशिक्षण दिया गया।

9.2 उद्यमिता के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना

आयोग का लक्ष्य महिला उद्यमियों को उनके उद्यमशीलता उद्यमों को विकसित करने और बनाए रखने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल तक पहुंच प्रदान करके देश भर में महिलाओं के लिए एक स्थायी प्रभाव पैदा करना है। सहयोगी कार्यक्रम 'उद्यमिता के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना' का उद्देश्य महत्वाकांक्षी महिला उद्यमियों के साथ-साथ उन महिला उद्यमियों को डिजिटल रूप से प्रशिक्षित करना है जो अपने व्यावसायिक विचारों का विस्तार करना चाहती हैं। ये पाठ्यक्रम पूरी तरह से आयोग द्वारा प्रायोजित हैं।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, आयोग ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन निम्नलिखित प्रमुख प्रबंधन संस्थानों के सहयोग से किया :-

1. भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) बैंगलोर

सहयोगात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का तीसरा बैच 7 मार्च 2022 से 18 मई 2022 तक आयोजित किया गया था। बैच III (द्विभाषी; अंग्रेजी और हिंदी) के तहत, 300 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया था। कार्यक्रम की अवधि 6 सप्ताह है और इसे एक विशाल ओपन ऑनलाइन पाठ्यक्रम के माध्यम से चलाया गया था। इस व्यावहारिक, क्रिया-उन्मुख व्यवसाय और प्रबंधन पाठ्यक्रम ने प्रतिभागियों को विचारों और अवसरों के परीक्षण की एक व्यवस्थित, वैज्ञानिक और आसान प्रक्रिया से परिचित कराया है। भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM),बैंगलोर के साथ इस सहयोगी कार्यक्रम में तीन अलग-अलग बैचों में कुल 2159 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है।

2. **भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) जम्मू-** आयोग ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) जम्मू के साथ सहयोग किया और इच्छुक महिला उद्यमियों के लिए हिंदी में ऑनलाइन लाइव प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दो अलग-अलग बैच आयोजित किए। दो बैचों में कुल 250 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। पहला बैच 18 जून, 2022 को शुरू हुआ और 24 जुलाई, 2022 को समाप्त हुआ और दूसरा बैच 26 नवंबर, 2023 को शुरू हुआ और 8 जनवरी, 2023 को समाप्त हुआ। कार्यक्रम ने महिला उद्यमियों को व्यवसाय प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान की गई है। इस कार्यक्रम के तहत आयोजित सत्र से महिला उद्यमियों को व्यवसाय और उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतर समझ विकसित करने और गतिविधियों/ रणनीतियों की योजना बनाने में मदद मिली है। सत्र शनिवार और रविवार को आयोजित किए गए। प्रत्येक सत्र 3 घंटे की अवधि का था। कार्यक्रम 6 सप्ताह की अवधि तक चला जिसमें प्रत्येक बैच में कुल 36 घंटों के लिए 12 सत्र दिए गए।

3. **भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) शिलांग-** आयोग ने उत्तर पूर्व क्षेत्र की इच्छुक महिला उद्यमियों को प्रशिक्षित करने के लिए सहयोग किया और ऑनलाइन लाइव प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें 154 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। सामान्य प्रबंधन में इस प्रमाणपत्र कार्यक्रम का उद्देश्य इच्छुक महिला उद्यमियों को व्यावहारिक इनपुट पर ध्यान देने के साथ परिचयात्मक व्यवसाय प्रबंधन की अवधारणाओं से परिचित कराना है जो प्रतिभागियों को वास्तविक दुनिया के लिए अपने विचारों का परीक्षण करने और बाद में अपना उद्यम शुरू करने और चलाने में सक्षम बना सकता है। यह पाठ्यक्रम

केवल सप्ताहांत पर 3 सितंबर, 2022 से 15 अक्टूबर, 2022 तक 39 घंटे के व्याख्यान में चला है, जिसमें प्रत्येक 1.5 घंटे के 26 सत्र और एक दिन में 3 सत्र हुए।

4. **भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM), कोझिकोड-** महत्वाकांक्षी और स्थापित महिला उद्यमियों को दो अलग-अलग पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित करने के लिए दो सहयोगात्मक ऑनलाइन लाइव प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए - एक फाउंडेशन कार्यक्रम और दूसरा उन्नत उद्यमिता कार्यक्रम। फाउंडेशन कोर्स 2 अक्टूबर, 2022 से 15 जनवरी, 2023 तक चलाया गया और एडवांस्ड कोर्स 9 अक्टूबर 2022 से 18 दिसंबर, 2022 तक। ये कोर्स द्विभाषी थे; अंग्रेजी और मलयालम में 4 महीने की अवधि में 60 घंटे की पढ़ाई पूरी की। फाउंडेशन कोर्स में 61 प्रतिभागियों को और एडवांस्ड कोर्स में 58 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया।

9.3 लिंग संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम

I. पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (BPR&D) के सहयोग से लिंग संवेदीकरण कार्यक्रम

यह अनुभव किया गया है कि लिंग-आधारित भेदभाव पूरे समाज में मौजूद है, संगठनात्मक योजना से लेकर कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थान पर रोजमर्रा की बातचीत तक। इसमें आश्चर्य की बात नहीं है कि महिलाओं की प्रमुख शिकायतें कानून प्रवर्तन एजेंसियों, पुलिस, न्यायपालिका, प्रशासन, मीडिया और अंततः सामाजिक मानदंडों के खिलाफ थीं। आयोग को प्रतिवर्ष महिला शिकायतकर्ताओं के प्रति पुलिस की उदासीनता से संबंधित बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त होती हैं। इसी आलोक में राष्ट्रीय महिला आयोग ने पुलिस के सभी स्तर के अधिकारियों के लिए लिंग संवेदीकरण पर 3-5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए 15 जुलाई 2021 को पुलिस प्रशिक्षण अनुसंधान और विकास ब्यूरो (BPR&D) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।.

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, केंद्रीय खुफिया-जाँच प्रशिक्षण संस्थान(CDTI), चंडीगढ़, केंद्रीय खुफिया-जाँच प्रशिक्षण संस्थान(CDTI), जयपुर, केंद्रीय खुफिया-जाँच प्रशिक्षण संस्थान(CDTI), हैदराबाद, शेर-ए-कश्मीर पुलिस अकादमी, उधमपुर, पंजाब पुलिस अकादमी, फिल्लौर और कर्नाटक पुलिस अकादमी, मैसूर के माध्यम से कुल 12 प्रशिक्षण आयोजित किए गए, जिससे विभिन्न स्तर के कुल 392 पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

2. **कांगो में संयुक्त राष्ट्र मिशन के लिए तैनात सीमा सुरक्षा बल जवानों का लिंग संवेदीकरण प्रशिक्षण-** सीमा सुरक्षा बल निदेशालय के अनुरोध पर आयोग ने संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मिशन के लिए कांगो में तैनात किए जाने वाले सीमा सुरक्षा बल के जवानों के लिए एक विशेष लिंग संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य लैंगिक मुद्दों के बारे में सैनिकों के बीच जागरूकता पैदा करना और उन्हें स्थानीय समुदायों के साथ प्रभावी ढंग से जुड़ने और सांस्कृतिक मानदंडों और मूल्यों का सम्मान करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है।.आयोग ने विषय पर विस्तृत ज्ञान और अनुभव के साथ विविध पृष्ठभूमि के प्रतिष्ठित संसाधन व्यक्तियों के सहयोग से सीमा सुरक्षा बल कैंप, भोंडसी, गुरुग्राम में 1 से 2 मार्च, 2023 तक यह दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया। "लैंगिक

संवेदनशीलता का परिचय" विषय पर पहले तकनीकी सत्र में, केंद्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू में सामाजिक कार्य विभाग के वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर डॉ. विनय कुमार ने प्रशिक्षण टोली के वर्दीधारी अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाली विदेशी भूमि में तैनात होने पर विशेष रूप से विषय की अधिक सूक्ष्म और व्यावहारिक समझ विकसित करने के लिए लिंग संवेदनशीलता के विविध दृष्टिकोणों के बारे में चर्चा की। "यूएनपीकेओ में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने" पर दूसरे तकनीकी सत्र में, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र (सीयूएनपीके) के लेफ्टिनेंट कर्नल अमित कुमार यादव ने संयुक्त राष्ट्र मिशनों के साथ अपने व्यावहारिक अनुभव के साथ सैनिकों को लैंगिक समानता की सही शिक्षा दी और शांति स्थापना मिशन के दौरान सैनिकों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रथाओं के साथ-साथ लैंगिक समानता के व्यवहार पर जोर देते हुए संयुक्त राष्ट्र मिशनों के लिए इसकी महत्वपूर्ण प्राथमिकता के विषय में बताया। "महिलाएं, शांति और सुरक्षा: यूएनपीकेओ की भूमिका" विषय पर तीसरे तकनीकी सत्र में, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र (सीयूपीएनपीके) की लेफ्टिनेंट कर्नल विमला पारिमी ने इस विषय पर अपने व्यावहारिक अनुभव के साथ संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया। महिला शांति और सुरक्षा (डब्ल्यूपीएस) एजेंडा में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना, महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा करना और संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं का समाधान करना शामिल है। "एसजीबीवी और संघर्ष से संबंधित यौन हिंसा पर अवलोकन" पर चौथे तकनीकी सत्र में, डॉ. वीरेंद्र मिश्रा, आईपीएस ने उन कारकों के बारे में चर्चा की जो संघर्ष से संबंधित यौन हिंसा की घटना में योगदान करते हैं, जो कई लोगों में एक गंभीर और व्यापक समस्या है। दुनिया के वे क्षेत्र जो सशस्त्र संघर्ष और व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर इसके विनाशकारी प्रभावों से प्रभावित हैं।."कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के प्रति उपाय" पर पांचवें तकनीकी सत्र में, पीओएसएच की विशेषज्ञ सुश्री स्नेहा खांडेकर ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और एक सुरक्षित और सम्मानजनक कार्यस्थल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया। सुश्री कंचन खट्टर, वरिष्ठ समन्वयक, रा.म.आ ने एक इंटरैक्टिव सत्र में आयोग की चिंताओं और विभिन्न पहलों के बारे में चर्चा की जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण और समावेशी वृद्धि और विकास के लिए लिंग संवेदनशील दृष्टिकोण का महत्व है।

*****

अध्याय -10

जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख प्रकोष्ठ

10.1 हिंसा मुक्त घर'' एक महिला का अधिकार- केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख

आयोग ने 26 मार्च, 2021 को टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (TISS) के साथ 24 महीने की अवधि के लिए "हिंसा मुक्त घर" एक महिला का अधिकार- जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेशों में 12 प्रायोगिक विशेष कक्ष परियोजना शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, यानी पुलिस प्रणाली में तैनात प्रशिक्षित सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा पीड़ित महिलाओं को सामाजिक सेवाएं प्रदान करने की एक पहल इस स्पष्ट समझ के साथ कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक अपराध है।

पुलिस प्रणाली (महिलाओं के लिए विशेष कक्ष) में स्थान आपराधिक न्याय प्रणाली (सीजेएस) के भीतर पेशेवर पूर्णकालिक सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा गुणवत्तापूर्ण मनो-सामाजिक-कानूनी सेवाओं के प्रावधान के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को भावनात्मक और सामाजिक समर्थन प्राप्त करने के लिए जगह बनाता है, जहां हिंसा से पीड़ित लोगों की ज़रूरतों और चिंताओं का एक सुविधाजनक माहौल में समाधान किया जाता है। इस समझौता ज्ञापन के अनुसार 12 विशेष कक्ष बनाए गए, जम्मू में 03 विशेष कक्ष, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में 07 और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में 02 विशेष कक्ष। इन कक्षों के 24 महीने तक सफलतापूर्वक काम करने के बाद आयोग ने इस परियोजना को जम्मू और कश्मीर के बाकी जिलों में लागू करने का निर्णय लिया है।

2023-25 के दौरान केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में महिलाओं के लिए 22 प्रायोगिक विशेष कक्षों को शुरू करने के लिए 27 मार्च, 2023 को टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (TISS) के साथ नए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। 12 प्रायोगिक विशेष कक्ष महिलाओं के लिए जम्मू डिवीजन अर्थात् जम्मू, राजौरी और उधमपुर जिले में; कश्मीर डिवीजन अर्थात श्रीनगर, बडगाम, बारामूला, कुलगाम, अनंतनाग, कुपवाड़ा और गांदरबल जिले में तथा 02 विशेष कक्ष केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के कारगिल और लेह जिलों में अभी भी कार्य कर रहे हैं।

इसके अलावा जम्मू डिविज़न में डोडा, कठुआ, किश्तवाड़, पुंछ, रामबन, रियासी, सांबा तथा कश्मीर डिवीजन में बांदीपुरा, पुलवामा, शोपियां में 10 विशेष कक्ष चलाए जाएंगे।

10.1.1 "हिंसा मुक्त घर- एक महिला का अधिकार" - केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 12 प्रायोगिक विशेष कक्षों के परिणाम"

1. केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के 10 महिला विशेष कक्षों के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने व्यक्तिगत एवं समूह हस्तक्षेप (इसमें बाद में चल रही हिंसा को समाप्त करने में उनका समर्थन कर परिवारों और अन्य हितधारकों के साथ काम करना शामिल है) से 5,569 से अधिक मनोवैज्ञानिक-सामाजिक-कानूनी सेवाएं प्रदान करके हिंसा से बचे 2836 पीड़ितों (1263 पंजीकृत आवेदन और 1573 एक-बार बीच-बचाव द्वारा) तक पहुंचे हैं और समयानुसार कार्यवाही की है।
2. विशेष कक्ष की सेवाओं, कानूनी अधिकारों और महिलाओं और बच्चों से संबंधित विशिष्ट अधिनियमों के बारे में जागरूक करने के लिए संस्थागत हितधारकों और समुदाय के लोगों के साथ 575 जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।
3. 1263 पंजीकृत आवेदनों के परिणामस्वरूप, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने 152 महिलाओं को आर्थिक पात्रता, वित्तीय अधिकार, व्यक्तिगत सामान वापस दिलाने में मदद की गई और 586 मामलों में बिना झगड़े के सुलह करवाई गई।
4. 43 मामलों में महिलाओं को घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 के तहत मामला दर्ज करने में मदद की गई और 31 महिलाओं को भारतीय दंड संहिता(आईपीसी) की धारा 498ए के तहत प्राथमिकी दर्ज करने में मदद की गई।

10.1.2 "हिंसा मुक्त घर- एक महिला का अधिकार" - केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में 12 प्रायोगिक विशेष कक्षों के परिणाम"

1. केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में इन दो कक्षों के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मनोवैज्ञानिक-सामाजिक-कानूनी सेवाएं प्रदान की और हिंसा से पीड़ित 197 लोगों (81 पंजीकृत और 116 एक-बार बीच-बचाव द्वारा) तक पहुंचे और समयानुसार कार्यवाही की है।
2. 768 व्यक्तिगत और समूह हस्तक्षेप (इसमें बाद में चल रही हिंसा को समाप्त करने में उनके समर्थन के लिए परिवारों और अन्य हितधारकों के साथ काम करना शामिल है) के साथ ही विशेष प्रकोष्ठ सेवाओं, महिलाओं और बच्चों से संबंधित कानूनी अधिकार और विशिष्ट अधिनियम के बारे में जागरूक करने के लिए संस्थागत हितधारकों और समुदाय के लोगों के साथ 109 जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।
3. परिणामस्वरूप, 81 पंजीकृत आवेदनों में से, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने 27 महिलाओं को आर्थिक संपत्ति, वित्तीय अधिकार, व्यक्तिगत सामान वापस पाने में मदद की और 08 मामलों में झगड़े के बिना सुलह करवाई और 11 मामलों में आपसी सहमति से अलगाव में सहयोग दिया।
4. 9 मामलों में, महिलाओं को घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 के तहत मामला दर्ज करने में मदद की गई और 05 महिलाओं को धारा 498ए और भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं और विशिष्ट अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने में मदद की गई।

10.2 श्रीनगर में महिला कारीगरों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम (23 से 27 मई,2022)

राष्ट्रीय महिला आयोग ने राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान(निफ्ट) के सहयोग से केन्द्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख की महिला कारीगरों के लिए निफ्ट, श्रीनगर कैम्पस में 23 से 27 मई (5 दिन) के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य डिजाइन सॉल्यूशन्स/ इ-कॉमर्स/ उभरते मार्केट ट्रेड्स आदि से संबंधित वर्तमान कौशल में बढ़ोत्तरी करना था। जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के विभिन्न जिलों से कुल 40 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

10.3 आयोग ने समाज कल्याण विभाग, जम्मू और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई के सहयोग से हितधारकों की बैठक आयोजित की

आयोग ने समाज कल्याण विभाग, जम्मू और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई के सहयोग से 10 फरवरी 2023 को अधिक समन्वय के माध्यम से लिंग आधारित हिंसा की प्रतिक्रिया को मजबूत करने के लिए केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के हितधारकों की एक बैठक आयोजित की। बैठक जम्मू में हुई और इसकी अध्यक्षता सुश्री रेखा शर्मा, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला आयोग, भारत सरकार ने की।

10.4 आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए

आयोग ने 2022 में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में "महिलाओं को सशक्त बनाने" की दिशा में जम्मू-कश्मीर के प्रत्येक जिले में 37 कानूनी जागरूकता कार्यक्रम और 19 क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रायोजित किए। कार्यशाला महिलाओं और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के उत्थान के लिए प्रायोजित की गई थी। वे अपने कानूनी और अन्य अधिकारों, समाज और परिवार में अपनी स्थिति और उनके सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के बारे में अनभिज्ञ हैं।

10.5 आयोग ने जम्मू-कश्मीर के छात्रों की दिल्ली यात्रा का आयोजन किया

हमारे माननीय प्रधान मंत्री के "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए आयोग ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, संसद और अन्य आयोगों सहित दिल्ली में कार्यरत विभिन्न सरकारी कार्यालयों के सरकारी विभागों के कामकाज के बारे में जानकारी देने और शिक्षित करने के लिए 1अप्रैल, 2022 को जम्मू-कश्मीर की छह छात्राओं के एक प्रतिनिधिमंडल के लिए यात्रा का आयोजन किया।

जम्मू-कश्मीर के विभिन्न जिलों के उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा नामांकित लड़कियों ने माननीय मंत्री श्रीमती स्मृति जूबिन इरानी, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। इन लड़कियों ने माननीय मंत्री जी से अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में चर्चा की और यह आश्वासन भी दिया कि दिल्ली प्रवास के दौरान प्राप्त जानकारी के बारे में वे अपने कॉलेजों में जागरूकता फैलाएंगी।

आयोग ने इन लड़कियों को राष्ट्रीय महिला आयोग के प्रमुख कार्य-क्षेत्रों की जानकारी दी और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग सहित विभिन्न आयोगों में उनका दौरा भी आयोजित किया, जहां उन्हें इन कार्यालयों की भूमिका और कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया।

10.6 आयोग ने लद्दाख के छात्रों की दिल्ली यात्रा का आयोजन किया

आयोग ने सरकारी विभागों के कामकाज के बारे में जानकारी देने और शिक्षित करने के लिए 23 अगस्त, 2022 को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और अन्य आयोगों सहित दिल्ली भर के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में लद्दाख की नौ छात्राओं के एक प्रतिनिधिमंडल की यात्रा का आयोजन किया।

आयोग ने इन लड़कियों को रा.म.आ के प्रमुख कार्य क्षेत्रों की जानकारी दी और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग सहित विभिन्न आयोगों में उनका दौरा भी आयोजित किया, जहां उन्हें इन कार्यालयों की भूमिका और कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया।

10.7 कश्मीर विश्वविद्यालय में 'जीवन कौशल का विकास' विषय पर सेमिनार

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने 30 नवंबर, 2022 को संबोधित किया कि महिलाओं को अधिक शक्ति के साथ आगे बढ़ने में सक्षम होने के लिए 'बदलती परिस्थितियों' के अनुरूप 'नए जीवन कौशल' सीखने चाहिएं।

अध्याय -11

मानव तस्करी निवारण प्रकोष्ठ

मानव तस्करी के मामलों को सुलझाने में प्रभावशीलता के साथ-साथ देश भर में मानव तस्करी निवारण इकाईयों में क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण की सुविधा के लिए, राष्ट्रीय महिला आयोग ने 2 अप्रैल 2022 को एक मानव तस्करी निवारण प्रकोष्ठ की स्थापना की जो कानून प्रवर्तन मशीनरी को और संवेदनशील, मजबूत बनाएगी।

तस्करी के रुझान, पैटर्न और रणनीतियाँ समय के साथ विकसित होती हैं और नई माँगों, चुनौतियों और कानून प्रवर्तन प्रतिक्रियाओं के अनुकूल होती हैं। इसलिए, पूरे मुद्दे की गंभीरता पर फिर से विचार करने और इसे रोकने के लिए विभिन्न स्तरों पर आवश्यक नए प्रयासों के लिए हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करना महत्वपूर्ण है। उसी के अनुरूप, रा.म.आ ने देश भर में "मानव तस्करी निवारण" पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

11.1 25 जून, 2022 को नई दिल्ली में जागरूकता संगोष्ठी

राष्ट्रीय महिला आयोग ने पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (BPR&D) के सहयोग से 25.06.2022 को मानव तस्करी निवारण जागरूकता पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार में राज्य महिला आयोगों, राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के महिला एवं बाल विकास विभागों, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, अर्धसैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारियों, सरकारी संगठनों, राष्ट्रीय आयोगों, प्रशासनिक, न्यायपालिका और पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों, गैर-सरकारी संगठनों, चिकित्सा संस्थानों, विश्वविद्यालयों/कॉलेजों और मीडिया के निदेशकों सहित लगभग 700 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

11.2 29 अगस्त, 2022 को मोरेह, मणिपुर में जागरूकता सेमिनार

राष्ट्रीय महिला आयोग ने मणिपुर राज्य महिला आयोग के सहयोग से 29 अगस्त, 2022 को मोरेह में जिला तेंग्नौपाल और चंदेल, मणिपुर के लिए मानव तस्करी निवारण जागरूकता सृजन सेमिनार का आयोजन किया।

11.3 28 सितंबर, 2022 को शिलांग, मेघालय में जागरूकता सेमिनार

रा.म.आ ने मेघालय राज्य महिला आयोग और उत्तर पूर्वी परिषद (NEC) के सहयोग से 28 सितंबर, 2022 को शिलांग, मेघालय में "पूर्वोत्तर क्षेत्र में महिलाओं की मानव तस्करी का मुकाबला" पर एक क्षेत्र-स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार में 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया और इनमें पुलिस, समाज कल्याण विभाग, अर्धसैनिक बलों, गैर सरकारी संगठनों, छात्रों और विभिन्न पूर्वोत्तर राज्यों के राज्य महिला आयोगों के अध्यक्ष/सदस्य सचिव/सदस्य भी शामिल थे।

11.4 22 नवंबर, 2022 को सवाई माधोपुर, राजस्थान में जागरूकता सेमिनार

रा.म.आ ने जिला प्रशासन, सवाई माधोपुर के सहयोग से सवाई माधोपुर के संबंधित हितधारकों और स्थानीय निवासियों के लिए 22 नवंबर, 2022 को सवाई माधोपुर में "मानव तस्करी निवारण जागरूकता" कार्यक्रम का आयोजन किया।

11.5 3 दिसंबर, 2022 को कलिम्पोंग, पश्चिम बंगाल में जागरूकता सेमिनार

रा.म.आ ने जिला प्रशासन, कालिम्पोंग के सहयोग से 2 और 3 दिसंबर, 2022 को कालिम्पोंग में "महिलाओं के लिए सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता" और "मानव तस्करी निवारण जागरूकता" पर सेमिनार आयोजित किए।

11.6. 16 दिसंबर, 2022 को मुंबई में जागरूकता सेमिनार

रा.म.आ ने महाराष्ट्र पुलिस और महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग के सहयोग से 16 दिसंबर, 2022 को मुंबई में "मानव तस्करी निवारण जागरूकता" पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया।

11.7 14 मार्च, 2023 को गोवा में जागरूकता सेमिनार

राष्ट्रीय महिला आयोग ने गोवा पुलिस के सहयोग से 14 मार्च, 2023 को मेनेजेस ब्रैगेंज़ा इंस्टीट्यूट, पणजी, गोवा में मानव तस्करी निवारण पर एक-दिवसीय जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया। इस आयोजन में भाग लेने वालों में गोवा पुलिस के अधिकारी, उत्तरी गोवा और दक्षिण गोवा की बाल कल्याण समितियों के सदस्य, विभिन्न गैर सरकारी संगठन, उत्तरी गोवा और दक्षिण गोवा की पीड़ित-सहायता इकाईयाँ, संरक्षण गृह, उत्तरी गोवा और दक्षिण गोवा के तालुका के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट, फोरेंसिक विभाग के डॉक्टर और प्रोफेसर/छात्र शामिल थे।

अध्याय -12

महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ

12.1 राष्ट्रीय महिला आयोग ने टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (TISS), मुंबई के सहयोग से 7 राज्यों, असम, बिहार, मध्य प्रदेश, मेघालय, ओडिशा, पंजाब और तमिलनाडु में हिंसा से पीड़ित महिलाओं की मदद के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट "हिंसा मुक्त घर- एक महिला अधिकार (महिलाओं के लिए विशेष प्रकोष्ठ)" शुरू किया था। हिंसा मुक्त घर (WFH) की यह परियोजना राष्ट्रीय महिला आयोग, टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (TISS) और दिल्ली पुलिस की महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष सुरक्षा इकाई (SPUWAC) के आपसी सहयोग से शुरू की गई थी। महिलाओं के लिए विशेष प्रकोष्ठ (WFH) परियोजना में संबंधित राज्य पुलिस (गृह) विभाग में हिंसा की शिकार महिलाओं के लिए मनो-सामाजिक-कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित सामाजिक कार्यकर्ताओं की नियुक्ति शामिल है। ऐसे सामाजिक कार्यकर्ता विभिन्न पुलिस स्टेशनों से जुड़े इन विशेष कक्षों/महिलाओं के प्रति अपराध (CAW) कक्षों/महिलाओं के प्रति हिंसा पर हस्तक्षेप के लिए संसाधन केंद्र (RCI-VAW) में काम कर रहे हैं। इन कक्षों के कार्य की प्रगति की निगरानी टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (TISS) द्वारा की जाती थी और आयोग द्वारा समीक्षा की जाती थी। 8 राज्यों में इस पायलट प्रोजेक्ट के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग, टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (TISS) और दिल्ली पुलिस के बीच समझौता ज्ञापन 31 मार्च, 2021 को समाप्त हो गया।

12.2 राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस परियोजना के कामकाज और प्रभाव का आकलन करने और भारत के 8 राज्यों में इन विशेष कक्षों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के स्तर/गुणवत्ता को बढ़ाने के उद्देश्य से उपरोक्त विशेष का तृतीय पक्ष ऑडिट आयोजित करने का निर्णय लिया है। हालाँकि, इस परियोजना को असम, बिहार और दिल्ली जैसे कुछ राज्य सरकारों द्वारा संस्थागत रूप दिया गया है, जबकि अन्य पांच राज्यों (मध्य प्रदेश, मेघालय, ओडिशा, पंजाब और तमिलनाडु) में इस परियोजना को बंद कर दिया गया है।

12.3 आयोग ने एसिड हमलों से पीड़ित महिलाओं को सहायता प्रदान करने और राहत सुनिश्चित करने के अपने प्रयास में, अपनी वेबसाइट पर प्रबंधन सूचना प्रणाली (MIS) के माध्यम से एसिड हमले के प्रत्येक मामले में प्रगति की निगरानी जारी रखी। एसिड हमले के मामलों का डेटा राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के महिला एवं बाल विकास विभागों/सामाजिक न्याय/कल्याण तथा पुलिस अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले राज्य नोडल अधिकारी द्वारा प्रबंधन सूचना प्रणाली (MIS) पर अद्यतन/अपलोड किया जाता है। एसिड हमले के मामलों में डेटा का विश्लेषण निम्न विषयों पर किया जाता है- (i) मामलों की अवधि को अद्यतन करना, (ii) क्षतिपूर्ति मुआवजे का

भुगतान और क्षतिपूर्ति मुआवजे की मात्रा, और (iii) पुनः चिकित्सा सहायता की आवश्यकता और (iv) आरोप-पत्र और अभियोग दाखिल करने में प्रगति। नीचे दी गई तालिका अप्रैल, 2022 से मार्च, 2023 तक प्रबंधन सूचना प्रणाली (MIS) में अद्यतन किए गए एसिड हमले के मामलों का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	कुल दर्ज मामले
1.	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	0
2.	आंध्र प्रदेश	0
3.	अरुणाचल प्रदेश	0
4.	असम	0
5.	बिहार	21
6.	चंडीगढ़	0
7.	छत्तीसगढ	0
8.	दमन, दीव, दादर और नगर हवेली	0
9.	दिल्ली	9
10.	गोवा	0
11.	गुजरात	0
12.	हरियाणा	2
13.	हिमाचल प्रदेश	0
14.	जम्मू-कश्मीर	3
15.	झारखंड	0
16.	कर्नाटक	0
17.	केरल	10
18.	लेह और लद्दाख	0
19.	लक्षद्वीप	0
20.	मध्य प्रदेश	1
21.	महाराष्ट्र	1
22.	मणिपुर	0
23.	मेघालय	0
24.	मिजोरम	0
25.	नागालैंड	0
26.	ओडिशा	5
27.	पुदुचेरी	0
28.	पंजाब	0
29.	राजस्थान	0
30.	सिक्किम	0
31.	तमिलनाडु	0
32.	तेलंगाना	8

33.	त्रिपुरा	0
34.	उत्तर प्रदेश	0
35.	उत्तराखंड	0
36.	पश्चिम बंगाल	0
कुल		**60**

12.4 निगरानी प्रणाली होने से एसिड की बिक्री में मौजूदा नियमों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। इस मुद्दे पर आम तौर पर जागरूकता की कमी है और सरकार को एसिड की बिक्री से संबंधित नियमों और विनियमों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कदम उठाने चाहिएं।

12.5 अपने अधिदेश के अनुसरण में, आयोग अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध प्रबंधन सूचना प्रणाली (MIS) के माध्यम से देश में एसिड अटैक सर्वाइवर्स/पीड़ितों के मामलों की निगरानी कर रहा है और सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में ऐसे मामलों में क्षतिपूर्ति मुआवजे के भुगतान से संबंधित मामलों की निगरानी और पीड़ित क्षतिपूर्ति मुआवजा योजनाओं के निर्माण के लिए इनपुट प्रदान कर रहा है। हालाँकि, यह पाया गया कि राज्यों द्वारा ऐसे नियमों का कार्यान्वयन बहुत सख्ती से नहीं किया जाता है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने 10 जनवरी 2023 को सभी राज्यों के नोडल अधिकारियों के साथ इस बैठक का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य एसिड और रसायनों की बिक्री को विनियमित करने के लिए हुई प्रगति और इन जघन्य अपराधों को रोकने के लिए उठाए जा रहे अन्य उपायों पर चर्चा करना था। विचार-विमर्श के दौरान दिए गए सुझाव/सिफारिशें निम्नलिखित हैं:

i) सक्षम प्राधिकारी को लाइसेंस प्राप्त विक्रेता द्वारा संक्षारक (ज्वलनकारी) पदार्थों की बिक्री को विनियमित और मॉनिटर करना होगा और तिमाही आधार पर सक्षम प्राधिकारी को एक उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा करना होगा।

ii) किसी अन्य व्यक्ति पर एसिड या कोई संक्षारक पदार्थ फेंकने का प्रयास करने के आरोपी अपराधियों को कोई अग्रिम जमानत नहीं दी जानी चाहिए।

iii) प्रतिनिधियों ने अपराधियों पर निवारक प्रभाव डालने के लिए कड़ी सजा देने की भी सिफारिश की। प्रतिनिधियों का विचार था कि अपराध के लिए न्यूनतम कारावास 15 वर्ष होना चाहिए।

iv) संक्षारक पदार्थ बेचने वाले के लिए न्यूनतम योग्यता मैट्रिक पास होनी चाहिए। यह संभावना है कि ऐसे संक्षारक पदार्थ बेचने वाला एक शिक्षित व्यक्ति ऐसी बिक्री की गंभीरता को समझ सकता है और विवेक और नैतिकता के साथ कार्य कर सकता है।

v) एसिड अटैक जैसे जघन्य अपराध के पीछे का मुख्य कारण बदला, नफरत और ईर्ष्या है। शैक्षिक संस्थानों में कम उम्र से ही लैंगिक संवेदीकरण और जागरूकता पैदा करने को एसिड हमलों जैसे अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा सकता है। किशोर उम्र में छोटे और महत्वपूर्ण कदम सामाजिक लैंगिक मानदंडों की धारणा और समझ को आकार दे सकते हैं। स्कूलों/कॉलेजों में पाठ्यक्रम विकसित करने के संदर्भ में 'कैच देम यंग' वाक्यांश को लैंगिक संवेदीकरण के लिए लागू किया जा सकता है।

vi) संवेदनशीलता हर किसी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है कि ये हमले क्यों होते हैं। रिपोर्ट किए गए अधिकांश हमले पारिवारिक या व्यक्तिगत संबंधों की समस्याओं पर आधारित हैं जहां क्रोध, ईर्ष्या, घृणा और बदले जैसी भावनाएं मुख्य प्रेरक कारक हैं। एसिड का उपयोग बदला लेने, विकृत करने और व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने के दुर्भावनापूर्ण इरादे से किया जाता है। अपराधी अधिकतर पुरुष हैं और एसिड फेंकने का कृत्य उनके अहंकार और महिलाओं से अस्वीकृति को संभालने में असमर्थता को संतुष्ट करने के लिए किया जाता है।

vii) लैंगिक संवेदीकरण की शुरुआत केवल रा.म.आ द्वारा ही नहीं बल्कि पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के साथ मिलकर भी की जानी चाहिए।

viii) सिफ़ारिश : हार्पिक जैसे खुले बाज़ार में उपलब्ध सभी संक्षारक उत्पादों की एक सूची तैयार की जानी चाहिए और जब भी एसिड/सल्फ्यूरिक एसिड की मात्रा 5 से अधिक हो जाए तो विक्रेता का लाइसेंस रद्द कर दिया जाना चाहिए।

ix) अपराधी/अभियुक्त द्वारा अदालती कार्यवाही के दौरान पागलपन की दलील के दुरुपयोग को रोकने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

*****

अध्याय -13

जेल, हिरासत गृह और मनोरोग संस्थाएं तथा आश्रय गृह

13.1 राष्ट्रीय महिला आयोग, अधिनियम 1990 की धारा 10(1)(के) के अंतर्गत आयोग को सौंपे गए कार्यों के हिस्से के रूप में देश में जेलों/कारागार/अभिरक्षा गृह का निरीक्षण करता है। महिला कैदियों के अधिकारों का उल्लंघन नहीं किया जाता है और पर्याप्त सुधारात्मक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, यह सुनिश्चित करने हेतु जेलों, हिरासत गृहों और मनोरोग संस्थानों के निरीक्षण को आयोग ने अपने मुख्य क्षेत्र के रूप में माना है। अध्यक्ष, सदस्यों द्वारा राज्य महिला आयोगों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण(डीएलएसए) और संबंधित क्षेत्रों में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों के सहयोग से राष्ट्रीय महिला आयोग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण दल जेलों, हिरासत गृहों और मनोरोग संस्थानों की महिला कैदियों, कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के साथ नियमित रूप से बातचीत करते हैं। निरीक्षण के दौरान इस तरह से उभरने वाली टिप्पणियों और सिफारिशों को लागू करने के लिए आगे की आवश्यक कार्रवाई हेतु महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, राज्य कारागार प्राधिकरण और राष्ट्रीय और राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण और कारागार/मनोरोग गृह/आश्रय गृह के अधीक्षक को भेजा जाता है।

13.2 आयोग द्वारा कारागार/मनोरोग गृह/आश्रय गृह की जानकारी तैयार किए गए निर्धारित प्रोफार्मा में भी प्राप्त की जाती है।। इस प्रोफार्मा में प्राप्त सूचनाओं की जाँच/विश्लेषण आयोग में किया जाता है और इस जाँच/ विश्लेषण के आधार पर आयोग की टिप्पणियों/सिफारिशों का प्रारूप तैयार किया जाता है। अंतिम रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई रिपोर्ट के अनुरोध के साथ भेजी जाती है।

13.3 उपर्युक्त अधिदेशों के आलोक में आयोग ने वर्ष 2022-23 में देश भर में निम्नलिखित जेलों, मनोरोग गृहों, आश्रय गृहों का निरीक्षण किया:

i. **जेलों का निरीक्षण**

क्रमांक	जेल का नाम	निरीक्षण का दिनांक
1	सेंट्रल जेल, उदयपुर, राजस्थान	29.05.2022
2	भोपाल सेंट्रल जेल, भोपाल, मध्य प्रदेश	12.09.2022
3	बायकुला महिला जेल, मुंबई, महाराष्ट्र	21.11.2022
4	डिस्ट्रिक्ट जेल जोवाई, मेघालय	31.03.2023

इन जेलों के निरीक्षण और सूचना के विश्लेषण के दौरान, आयोग ने निम्नलिखित बातें नोट कीं:-

- विचाराधीन कैदियों के रूप में महिला कैदियों को लंबे समय तक कैद में रखना, उनकी हिरासत की अवधि 2 साल से 10 साल तक और कुछ मामलों में इससे भी अधिक हो सकती है।
- आयोग ने राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण/राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के साथ मामला उठाया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिला कैदियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा सके और उचित समय के भीतर मुकदमे में तेजी लाने के लिए इसे और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।
- जमानती बांड/ज़मानत के मुद्दे को कारपोरेट से सामाजिक उत्तरदायित्व अनुदान (CSR fundings), या उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों से दान के माध्यम से हल किया जा सकता है।
- भारतीय जेलों में बंद विदेशी कैदियों के मुद्दे चिंता का विषय हैं। जेल अधिकारियों को सम्मानित दूतावासों/उच्चायोगों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। आयोग ने महिला कैदियों को नए जमाने के कौशल जैसे कंप्यूटर प्रशिक्षण, नर्सिंग, बुजुर्गों और बच्चों की देखभाल पर विपणन कौशल प्रशिक्षण आदि में कुशल बनाने पर भी जोर दिया।

ii. मनोरोग गृहों का निरीक्षण:

राष्ट्रीय महिला आयोग ने 24 फरवरी 2023 को मानव व्यवहार और संबद्ध विज्ञान संस्थान (IHBAS), शाहदरा का निरीक्षण किया। टीम ने पाया कि IHBAS में मानसिक स्वास्थ्य, मानव व्यवहार और संबद्ध विज्ञान के क्षेत्र में व्यापक उपचार, प्रशिक्षण, अनुसंधान के लिए अत्याधुनिक देखभाल का प्रावधान था। इसमें मुफ़्त इलाज और दवाइयाँ देने के लिए एक केमिस्ट और ड्रगिस्ट स्टोर था। इसके अपने स्वयं के निदान केंद्र, प्रयोगशालाएँ और परीक्षण केंद्र भी थे। टीम ने संस्थान के बगीचे का भी दौरा किया जहां मरीज सहायक कर्मचारियों के साथ सब्जियां उगाने में स्वैच्छिक योगदान दे रहे थे। यह मरीजों के लिए मनोरंजक गतिविधि का एक साधन था। मानव व्यवहार और संबद्ध विज्ञान संस्थान (IHBAS), दिल्ली को की गई कुछ सिफारिशों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करने पर जोर देना, कर्मचारियों और मरीजों को नियमित आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण दिया जाना, नए जमाने के कौशल प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करना, मरीजों तक विस्तार करना शामिल है ताकि वे आर्थिक योगदानकर्ता के रूप में इसका हिस्सा बन सकें। इसके अलावा, दीर्घकालिक रोगियों (उनकी क्षमताओं के अनुसार) को कुशल बनाया जा सकता है और उनका पुनर्वास किया जा सकता है। ऐसे पुनर्वासित रोगियों की निगरानी एक समर्पित संगठन को आउटसोर्स की जा सकती है।

iii. आश्रय गृह का निरीक्षण:

आयोग ने 28 मार्च 2023 को दिल्ली के वाईडब्ल्यूसीए, नई दिल्ली के राज कुमारी अमृत कौर (आर. के.ए.के.) शॉर्ट स्टे शेल्टर होम का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य कोविड-19 के बाद शेल्टर होम की वर्तमान कार्यप्रणाली का आकलन करना था। ऐसे आश्रय घरों में रहने वाली महिला निवासियों की स्थितियों में सुधार के प्रभावी तरीकों की पहचान करना और इन हिरासत घरों के अंदर आने वाले मुद्दों का समाधान करना था। राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने 12 बिस्तरों वाले आश्रय गृह का निरीक्षण किया और दौरे के दिन उपस्थित अन्य प्रोफेशनल्स और एक निवासी से बातचीत की। अंत में, कौशल-ज्ञान में अधिक सुधार की दिशा में आगे बढ़ने के तरीके पर चर्चा की गई। निवासियों के सामाजिक-आर्थिक पुनर्वास पर अधिक ध्यान देने पर चर्चा की गई और निवासियों की बहाली के बाद कठोर अनुवर्ती कार्रवाई का सुझाव दिया गया।

13.4 राष्ट्रीय महिला आयोग ने विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन को बढ़ाने के उद्देश्य से देश भर में क्षेत्रीय परामर्श बैठकें आयोजित करने का निर्णय लिया। इस एक दिवसीय परामर्श बैठक का उद्देश्य निम्नलिखित उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित करना है:

